आरएनआई नं.-CHHHIN/2009/34957
डाक पं. क्रं. एल.एस.बी./जी2-112/सी.जी./बी.एल.पी./83/2020-22

**सुविचार**

*कभी भी अपनी क्षमताओं को कम मत आंको, क्योंकि जिसने सफलता प्राप्त की है वह भी एक साधारण इंसान है।*
-अज्ञात

# तरुण पथ

हिन्दी दैनिक
खबरों की दौड़ में सबसे आगे

● वर्ष-16 ● अंक- 94
संस्करण : बिलासपुर एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित

ONSTY INSTITUTE
NEW CRASH COURSE FOR CGPSC PRE 2023-24
NEW COURSES FOR ALL CG VYAPAM EXAMS
JOIN TODAY
FREE DEMO CLASSES AVAILABLE
AVAILABLE COURSES
ONLINE RESOURCES AVAILABLE ON OUR "ONSTY APPLICATION" IN PLAY STORE. SCAN THIS QR CODE TO GET ACCESS
FACILITIES:
7089547123
Mahamaya Residential, Shiv Mandir, Infront of Employment Exchange, Koni, Bilaspur (C.G.) 495009

● दि. आश्विन शुक्ल पक्ष द्वादशी, सोमवार 14 अक्टूबर 2024 बिलासपुर छ.ग. संस्करण ● dainiktarunpath@gmail.com फोन : 07752-296990 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 1.00

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब पंचायत चुनाव की याचिकाओं पर सुनवाई टली, 250 पंचायतों की चुनाव प्रक्रिया 16 तक स्थगित

**चंडीगढ़।** पंजाब में पंचायत चुनावों को लेकर 300 के करीब नई याचिकाएं दाखिल हुई है। इनकी सुनवाई 14 अक्टूबर तक अदालत ने टाल दी है। इससे पहले बुधवार को 250 के करीब जिन पंचायतों के चुनाव प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई थी। उस संबंधी कोर्ट का डिटेल ऑर्डर आ गया है। अदालत ने उक्त पंचायतों की चुनाव प्रक्रिया पर 16 अक्टूबर तक रोक लगा दी है। नामांकन रद्द करने पर हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणियां की हैं। अदालत का कहना है चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। कुछ उम्मीदवारों के मामूली कारणों के नामांकन रद्द हुए, जो कि बिल्कुल गलत है। उसे रद्द नहीं किया जा सकता है। पंजाब में 15 अक्टूबर को पंचायत चुनाव होने हैं। इस बार पार्टी सिंबल पर भी चुनाव नहीं हो रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद विपक्षी दलों का आरोप है कि उनसे जुड़े लोगों और उम्मीदवारों के नामांकन जबरन रद्द किए गए हैं। किसी को भी एनओसी जारी नहीं की गई है।

### बिहार के शेखपुरा में सब्जी विक्रेता की हत्या

**पटना।** शेखपुरा के नगर थाना क्षेत्र स्थित जमालपुर मोहल्ले में एक सब्जी विक्रेता की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक के सिर और गले पर हमले के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव बरामद कर जांच शुरू कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि सब्जी विक्रेता के सिर और गले पर धारदार हथियार से वार किया गया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान नाटू साव के रूप में हुई है। घटना की खबर फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और फॉरेंसिक टीम हत्यारों का सुराग खोजने में जुटी हुई है। पुलिस ने अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की है और परिजनों ने भी किसी के ऊपर शक नहीं जताया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। शेखपुरा एसडीपीओ अरविंद कुमार सिन्हा ने बताया कि जमालपुर के नाटू साव (48) सब्जी बेचने का काम करते थे। गुरुवार को सुबह वह सब्जी लाने के लिए निकले थे ।

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामला

# बिश्नोई गैंग से जुड़े तार,तीसरे आरोपी की हुई पहचान

मुंबई/ एजेंसी

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में अब एक और आरोपी का नाम सामने आया है। मुंबई पुलिस ने दावा किया है कि हत्याकांड को तीन नहीं चार आरोपियों ने अंजाम दिया। चौथे आरोपी की पहचान जीशान अख्तर के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जीशान पंजाब के जालंधर का रहने वाला है। उस पर पंजाब में कई मामले दर्ज हैं। वहीं हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए आरोपी गुरमेल सिंह और एक अन्य आरोपी की एस्प्लेनेड कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने आरोपी गुरमेल सिंह को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। वहीं सुनवाई के दौरान खुद को नाबालिग बताने वाले आरोपी की रिमांड नहीं सौंपी गई। कोर्ट ने आरोपी की उम्र तय करने के लिए ऑसिफिक्केशन टेस्ट (हड्डी परीक्षण) कराने के बाद दोबारा पेश करने के निर्देश दिए। मुंबई के बांद्रा इलाके के खेर नगर में शनिवार रात को बाबा सिद्दीकी (66) की उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के ठीक बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्हें बांद्रा के लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मुंबई पुलिस ने पहले कहा था कि वारदात को तीन आरोपियों हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह (23), उत्तर प्रदेश निवासी शिवा और एक अन्य आरोपी ने अंजाम दिया। इनमें आरोपी गुरमेल सिंह और नाबालिग बताने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर



लिया था। जबकि तीसरा आरोपी शिवा फरार है। वहीं रविवार दोपहर को मुंबई पुलिस ने एक और आरोपी के नाम का खुलासा किया। मुंबई पुलिस ने कहा कि हत्याकांड में चार आरोपी शामिल थे। चौथे आरोपी का नाम जीशान अख्तर है। वहीं बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने हरियाणा निवासी आरोपी गुरमेल सिंह (23) को 21 अक्तूबर तक पुलिस हिरासत में भेजा है। अदालत ने दूसरे आरोपी के नाबालिग होने का दावा करने के बाद पुलिस को उसकी उम्र निर्धारित करने के लिए हड्डी का परीक्षण करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि दूसरे आरोपी का परीक्षण कराकर दोबारा पेश किया जाए। इसके बाद अदालत तय करेगी कि उसके खिलाफ कार्यवाही किशोर अदालत में चलेगी या नियमित अदालत में। अदालत में क्राइम ब्रांच की ओर से सरकारी वकील गौतम गायकवाड़ ने आरोपियों की 14 दिनों की रिमांड मांगी। उन्होंने कहा कि हत्या में कोई अंतरराष्ट्रीय लिंक शामिल है या नहीं इसकी जांच की जरूरत है। सरकारी वकील ने कहा कि कि पुलिस को यह जांच करने की जरूरत है कि क्या गोलीबारी में कोई राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता शामिल थी?

### कोर्ट में हुई दोनों आरोपियों की पेशी, एक ने खुद को बताया नाबालिग, होगा बोन ऑसिफिकेशन टेस्ट

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के दोनों आरोपियों को मुंबई पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक आरोपी धर्मराज राजेश कश्यप ने खुद को नाबालिग बताया। उसने दावा किया कि उसकी उम्र सिर्फ 17 साल है। धर्मराज के इस दावे के बाद अभियोजन पक्ष ने आरोपी का बोन ऑसिफिक्केशन टेस्ट कराने की मांग की है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। वहीं, दूसरे आरोपी गुरमेल बलजीत सिंह को कोर्ट ने सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। धर्मराज के बोन ऑसिफिक्केशन टेस्ट के रिजल्ट आने के बाद कोर्ट उसकी कस्टडी पर फैसला सुनाएगा।

विधानसभा चुनाव के नतीजों में यह भावना प्रतिबिंबित होगी

# चुनाव में राजनीतिक परिवर्तन के लिए उत्सुक जनता -शरद पवार..

मुंबई । एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग राजनीतिक बदलाव के लिए उत्सुक हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों में यह भावना प्रतिबिंबित होगी। महा विकास आघाडी (एमवीए) के अन्य घटकों के नेताओं के साथ यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने दावा किया कि महायुति शासन के तहत राज्य प्रशासन का मनोबल गिर गया है जबकि महाराष्ट्र प्रशासन को देश में सर्वश्रेष्ठ माना जाता था। उन्होंने कहा,



''हम लोगों को वर्तमान सरकार से मुक्ति दिलाना चाहते हैं और मुझे विश्वास है कि वे हमारा समर्थन करेंगे।'' उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एमवीए लोकसभा चुनाव जैसा प्रदर्शन दोहराएगा। महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और अजित पवार नीत राकांपा शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि हाल में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के वोट प्रतिशत में केवल 0.6 प्रतिशत का अंतर है, फिर भी भाजपा को अधिक सीट मिलीं। उन्होंने कहा, ''जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणाम पर चर्चा क्यों नहीं की जाती? अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद, पार्टी (भाजपा) को वहां के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करनी चाहिए थी। पवार ने महाराष्ट्र में हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस टिप्पणी की आलोचना की।

### लव मेरेज के बाद बढ़ा विवाद,नशे में धुत बाप ने 4 साल के मासूम की कर दी हत्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में सौतेले पिता ने अपने चार साल के मासूम को बेरहमी से मार डाला। घटना कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र के पहरी पारा की है। हत्या के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है। आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम मंजीत कुर्रे है। मंजीत ने कुछ महीने पहले ही अपनी प्रेमिका से शादी की थी। इसके बाद उन दोनों में काफी लड़ाईयां होती रहती थीं। इस लड़ाई का खामियाजा मासूम को उठाना पड़ा और वह इस दुनिया से अलविदा कह गया। मंजीत देर रात नशे में धुत होकर अपने घर पहुंचा। घर पहुंचते ही उसने अपनी पत्नी से झगड़ना शुरू कर दिया।

राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना पर उठाए सवाल

# क्या एक सैनिक की जिंदगी दूसरे से कम कीमती है-राहुल गांधी.....

नई दिल्ली। एजेंसी

महाराष्ट्र के नासिक में हाल ही में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीरों की मौत हो गयी थी। इस मामले के सामने आने के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को मोदी सरकार की अग्निपथ योजना पर सवाल उठाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सवाल पूछा कि एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक की तुलना में अधिक मूल्यवान क्यों है? इसके अलावा उन्होंने यह भी सवाल किया कि 'अग्निवीर' के रूप में शहीद हुए दो सैनिकों के परिवारों



को अन्य शहीद सैनिकों के समान पेंशन और लाभ क्यों नहीं मिलेंगे रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में गांधी ने लिखा, 'नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीर गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में क्छक्क सरकार असफल रही है। इस पोस्ट में आगे गांधी ने मोदी सरकार से सवाल पूछे। उन्होंने पूछा कि क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की ज़िम्मेदारियां और बलिदान समान हैं।

आमरण अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टर्स

# हालत बिगड़ने के बाद तीन अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** स्थानीय आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद अपनी मांगों को लेकर पश्चिम बंगाल के जूनियर चिकित्सकों का आमरण अनशन रविवार को नौवें दिन भी जारी है। इस बीच, राज्य के विभिन्न हिस्सों में लोग अनशनकारियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सांकेतिक उपवास कर रहे हैं। कोलकाता और राज्य के उत्तरी हिस्से में स्थित सिलीगुड़ी शहर में 'आमरण अनशन' कर रहे जूनियर चिकित्सकों में से अब तक तीन को हालत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आंदोलनकारी 'जूनियर डॉक्टर्स फोरम' के एक नेता ने कहा, उनकी अनशनकारियों की स्थिति खराब होती



जा रही है, लेकिन राज्य प्रशासन बेपरवाह बना हुआ है। इस बीच, आरजी कर अस्पताल के पूर्व छात्रों का एक समूह आमरण अनशन पर बैठे छात्रों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए 12 घंटे के प्रतीकात्मक उपवास के लिए अस्पताल पहुंच गया है।

### नक्सलियों ने जारी किया प्रेस नोट, पामलुर के जंगलों में हुई मुठभेड़ को बताया फर्जी

**सुकमा।** पामलुर के जंगलों में बीते दिनों सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद नक्सली संगठन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इस मुठभेड़ को फर्जी मुठभेड़ होने का आरोप लगाया है। बीते दिनों पुलिस ने पामलुर के जंगलों में पांच लाख के इनामी नक्सली को मार गिराने का दावा किया था, जिस पर अब नक्सलियों की किस्टाराम एरिया कमेटी सवाल खड़े कर रही हैं। हालांकि पुलिस ने नक्सलियों के आरोप को झूठ बताया है । पुलिस का कहना है कि इस तरह के आरोप आदतन है। नक्सली पहली बार किसी मुठभेड़ पर आप नहीं लग रहे हैं।

सौरभ चंद्राकर को जल्द ही भारत लाया जा सकता है

# जूस दुकान से सट्टा किंग तक,सौरभ चंद्राकर ने बनाया 6000 करोड़ का साम्राज्य; शादी में खर्चे थे 200करोड़

**नई दिल्ली।** महादेव सट्टेबाजी ऐप के मालिक सौरभ चंद्राकर को जल्द ही भारत लाया जा सकता है। मनी लॉन्ड्रिंग और धोखाधड़ी के एक मामले में इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने पर उसे हाल ही में,श्व के दुबई में गिरफ्तार किया गया है। अब सप्ताह भर के अंदर उसे भारत प्रत्यर्पित किए जाने की उम्मीद है। महादेव ऐप के मुख्य प्रमोटरों में से एक चंद्राकर को कथित 6,000 करोड़ रुपए के सट्टेबाजी घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया गया है। महादेव ऐप से अरबों रुपए का साम्राज्य खड़ा कर चुका सौरभ चंद्राकर एक वक्त पर छत्तीसगढ़ के भिलाई में छोटी सी जूस की दुकान चलाता था। चंद्राकर को भारत वापस लाने के लिए संघीय एजेंसियां ईडी, सीबीआई और छत्तीसगढ़ पुलिस सामूहिक रूप से कोशिशें करते हुए विदेश मंत्रालय के माध्यम से प्रत्यर्पण दस्तावेजों पर काम कर रही हैं। रिपोर्ट में कहा



गया है कि गुरुवार को रायपुर की एक अदालत ने चंद्राकर के प्रत्यर्पण का आदेश जारी किया, जिसे अब यूएई अधिकारियों को भेजा जा रहा है। चंद्राकर और उसका बिजनेस पार्टनर रवि उप्पल पिछले साल दिसंबर से ही दुबई में घर में नजरबंद हैं। ईडी ने नवंबर 2023 में आरोप लगाया था कि दोनों ने छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपए की रिश्वत दी थी। ईडी के अनुसार सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल दोनों ही छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। रवि के साथ मिलकर महादेव सट्टेबाजी ऐप की शुरुआत करने से पहले सौरभ छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई शहर में अपने भाई के साथ 'जूस फैक्ट्री' नाम से जूस की दुकान चलाता था। हालांकि बताया जाता है कि दोनों साल 2019 में दुबई शिफ्ट हो गए थे। इन दोनों की जोड़ी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए सहायक ऐप बनाने वास्ते मलेशिया, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और भारत के प्रमुख शहरों में कॉल सेंटर स्थापित करके अपनी व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों में लगभग 30 कॉल सेंटरों का प्रबंधन चंद्राकर और उप्पल के विश्वसनीय सहयोगियों सुनील दमानी और अनिल दमानी के सहयोग से किया जाता था।

गतिशक्ति के तीन साल पूरे होने पर पीएम

# पीएम गति शक्ति से देश अब विकसित भारत के सपने को पूरा करने आगे बढ़ रहा-पीएम मोदी...

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तीन साल पूरे होने पर सराहना की है। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज़ और अधिक प्रभावी विकास हुआ है। अपनी पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है और कई लोगों के लिए नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। गतिशक्ति के कारण भारत विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। बता दें कि विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचे के लिए 13 अक्तूबर, 2021 को पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) लॉन्च किया गया था। यह आर्थिक वृद्धि और सतत विकास के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। यह



सात आर्थिक क्षेत्रों- रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, बड़े पैमाने पर परिवहन और रसद बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की पोस्ट को टैग करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी थी। इस पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने पीएमजीएस-एनएमपी के तीन साल पूरे होने पर गतिशक्ति पहल की सराहना की थी। गोयल ने अपनी पोस्ट में कहा आज पीएम नरेंद्र मोदी जी द्वारा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के लॉन्च के तीन साल पूरे हो गए हैं। लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह अग्रणी पहल तेजी से और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि यह परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने, विकसित भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है इसके अलावा, उन्होंने दूसरे पोस्ट में लिखा, पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है. इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे भारत के कई क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ है. इसने लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा दिया है, देरी कम हुई है और इससे कई लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं.

बंगला-बंगला खेलने से लाभ नहीं

# दिल्ली वालों की समस्याओं पर ध्यान लगाना चाहिए....

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी में तकरार जारी है। कांग्रेस इस बारे में क्या सोचती है? इस सवाल पर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सभी को नसीहत दी। इसके साथ ही हरियाणा चुनाव, जम्मू कश्मीर की सियासत पर भी अपनी राय रखी। पवन खेड़ा ने कहा, दिल्ली की लोगों की प्राथमिकताएं और उनकी समस्याएं, इन सब विवादों से कहीं हटकर, विकराल और बड़ी है। सभी को वहां अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आपस में बंगला-बंगला खेलने से कोई लाभ नहीं होगा। वहीं, हरियाणा



चुनाव के बाद हुई मीटिंग में राहुल गांधी नाराज बताए जा रहे हैं, राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी हित में नहीं बल्कि व्यक्तिगत हित का ध्यान रखा। इस पर पवन खेड़ा ने कहा, पार्टी के भीतर की मीटिंग की बात, मुझे नहीं लगता किसी को चर्चा करनी चाहिए।

## सार-समाचार

### लखनपुर विजयादशमी अतीत से वर्तमान तक

**सरगुजा।** समुचे भारतवर्ष में विजयादशमी दशहरा पर्व अश्विनी शुक्ल पक्ष के दसवीं तिथि को मनाया जाता है यह दस्तूर सदियों पुरानी रही है। वहीं सरगुजा जिले के लखनपुर में रियासत काल से एक रोज बाद एकादशी तिथि को दशहरा मनाये जाने की रवायत रही है। जनश्रुति से पता चलता है कि स्टेट मर्जर से पहले जमींदारों के हुकुम पर नगर के प्राचीन राममंदिर ठाकुर बाड़ी परिसर में दुर्गा पूजा मनाये जाने की शुरुआत हुई थी। बाद में आजाद भारत से पहले सन् 1944 ईस्वी में बाजार पारा स्थित प्राचीन भवानी मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा मनाया जाने लगा जो निरंतर जारी है। अतीत से वर्तमान तक के सफ़र में नजर डालें तो लखनपुर में विजयादशमी दशहरा पर्व एक रोज बाद मनाये जाने को लेकर आज भी भेद है।

नगर लखनपुर में एक रोज बाद विजयादशमी (दशहरा) पर्व मनाया जाता है इसके पीछे जो इतिहास है उसके बारे में राज परिवार के कुंवर रणविजय सिंह देव तथा स्थानीय कुछ जानकार बताते हैं कि विजयादशमी (दशहरा) के रोज लखनपुर राजघराने के लाल बहादुर माहेश्वरी प्रसाद सिंह देव का देहावसान हो गया था। जिसके चलते उस साल शारदीय नवरात्रि के मौके पर मनाया जाने वाला विजयादशमी दशहरा एक दिन बाद मनाया गया। तब से लखनपुर में एक रोज बाद दशहरा मनाने की चलन शुरू हो गई। जो पिढियो से साल दर साल निरंतर जारी है। इसके अलावा यह भी कहा जाता है कि दशहरा के रोज आसपास के सभी जमींदार सरगुजा रियासत के महाराजा के सम्मान में सलामी देने तथा नजराना पेश करने एवं दशहरा मनाने के नजरिए से पूरे लाव-लश्कर के साथ अम्बिकापुर जाया करते थे। इस वजह से भी लखनपुर में एक रोज बाद दशहरा बाद में मनाया जाता था।यह प्रथा आज भी जिंदा है। इन्हीं अलग अलग तथ्यों के बुनियाद पर लखनपुर में दशहरा मनाये जाने की परम्परा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। दशहरा के दिन रामपुर तप्पा अर्थात क्षेत्र विशेष के तमाम गवटिया, पटेल नामचीन हस्तियां अपने राजा के दर्शन करने लखनपुर राजमहल तक आते थे। साथ ही नजराना पेश करते हुए शाही सवारी के साथ पैदल चलते हुए नीलकंठ पक्षी उड़ानें बेलदगी रोड़ पर स्थित अति प्राचीन देव तालाब के समीप तक जाते थे। राजघराने के सत्तासीन लालबहादुर के द्वारा नीलकंठ पक्षी उड़ाने की रस्म अदा की जाती थी। कहते हैं दशहरा के रोज नीलकंठ पक्षी का दर्शन करना शुभ कारक होता है।

रियाआ अपने राजा के दर्शन के बाद उत्साह के साथ दशहरा पर्व मनाते थे। बाद में राजतंत्र द्वारा चलाये गये रिवाज धीरे धीरे कम होता गया। रावण दहन किये जाने की चलन कहा से शुरू हुई स्पष्ट नहीं है। लेकिन कुछ लोग बताते हैं कि दशहरा के मौके पर बाद में रावण दहन स्कूल मैदान में किये जाने की शुरुआत हुई थी। रावण दहन किया जाना विजयादशमी से जुड़ा एक अभिन्न पहलू है। विजयादशमी दशहरा के दिन लखनपुर में आसपास ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोगों की काफी भीड़भाड़ पहले भी हुआ करता था और आज भी होता है। दशहरे मेले में दूर दराज से दुकान दार अपने सामानों की बिक्री करने पहुंचते हैं। लखनपुर दशहरे में लोगों के भीड़ होने की एक वजह यह भी थी कि उस जमाने में फ़क़त लखनपुर में ही विजयादशमी दशहरा पर्व मनाया जाता था। स्थानीय मूर्ति कारों द्वारा हाथ से मां दूर्गा लक्ष्मी सरस्वती गणेश कार्तिकेय महिशासुर आदि की प्रतिमा बना कर स्थापित किया जाता था दशहरे के दिन नगर भ्रमण कराया जाता था। भ्रमण के दौरान दूर्गा प्रतिमा को राजमहल प्रांगण में जमींदारों के दर्शन के लिए लाया जाता था। जहां राजपरिवार के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की जाती थी।यह नियम आज भी चलन में है। बीते समय की कुछ भूली बिसरी यादें शेष रह गई है। पूराने समय से अबतक नगर में दूर्गा पूजा मनाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। बाद इसके 1974 इस्वी में नवचेतना दुर्गा मंडप का उदय हुआ। और प्राचीन स्वयं -भू-शिव मंदिर प्रांगण में प्रत्येक साल दुर्गा पूजा मनाया जाने लगा। नगर में दो अलग-अलग स्थानों लखनपुर एवं जूनालखनपुर मुहल्ले में दूर्गा पूजा मनाये जाने से रौनकता बढ़ती गई कालांतर में शंकर मंदिर से नव चेतना दूर्गा मंडप को बस स्टैंड में स्थापित कर दिया गया जो बीते सालो से अबतक निरंतर जारी है।


**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 20 24.10020700038/**

**मामले की श्रेणी- राजस्व**
**नमना कला प.हं.न. 0020/703 ( 243/70 ) 0.0450 हे. )**
**पक्षकारों का विवरणद्व आवेदक पक्षकार संजय कुमार पांडे**
**अनावेदक पक्षकार -राजीव कुमार पांडे पूनम पांडे संजय पांडे संजीव पांडे**

**ईश्तहार**

आवेदक संजय कुमार पाण्डेय आ0 केशव प्रसाद पाण्डेय व अन्य निवासी ग्राम राममंदिर के पास अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 243/70 रकबा 0.045 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखो में वसपीतनामा के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21.10.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील- अम्बिकापुर**
**अंबिकापुर सरगुजा ( छ,ग )**


# शिव सेवा समिति लागातार 14 वर्षो से कर रहा विधि- विधान से पूजा दशहरा के दिन ही होती हैं माता की विषर्जन

**अंबिकापुर :-** शिव सेवा समिति मायापुर के द्वारा लागातार 14 वर्षो से माताजी का पूजन अर्चन पुरे विधि विधान के साथ किया जाता हैं रहा हैं जिसमे सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुषों के साथ साथ बच्चों का भी जमावड़ा पूजन आरती में लगा रहता हैं.

समिति के अध्यक्ष शुभांकुर पाण्डेय ने बताया की लागातार 14 वर्षो से माताजी का पूजन इसी क्रम में इस वर्ष भी माताजी का पूजन प्रथम दिवस कलश स्थाना के साथ माताजी का पूजन प्रारम्भ किया गया दूसरे दिन से ही माताजी के पंडाल में भंडारा का आयोजन किया जाना प्रारम्भ कर दिया गया.

सप्तमी तिथि कों भव्य जगराता का आयोजन किया गया जिसमे हजारों की संख्या में माताजी के भक्त माताजी के जागरण में झूमते नजर आए और आधी रात तक जागरण में भक्ति रस में डूबे रहे.

नवरात्रि के बिच अस्टमी नवमी तिथि कों संधि पूजन, हवन,महाआरती, कन्या भोजन, महाप्रसाद जैसे कई महत्वपूर्ण भक्ति कार्यक्रम किये गए. इसी क्रम में हर साल






की भांति इस वर्ष भी नियमानुसार माताजी की मूर्ति का विषर्जन महामाया तालाब अंबिकापुर में किया गया जिसमे सैकड़ों की संख्या महिला पुरुष मौजूद रहे.

मन में अगर सच्ची श्रद्धा भक्ति हो तों कोई नियम क़ानून नहीं बनती बाधा:- समिति के अध्यक्ष शुभांकुर पाण्डेय ने बताया की मन में अगर सच्ची श्रद्धा भक्ति हो तों कोई नियम क़ानून भक्ति रस में डूबने में नहीं बनती बाधा जहाँ एक और साउंड सिस्टम में डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं उसको देखते हुए ? शिव सेवा समिति समाज के लिए लागातार दूसरे वर्ष एक मिशाल प्रस्तुत कर रही हैं की डीजे साउंड बंद होने के बाद भी ढोलक,झाल, डुग्गी बजाते हुए भक्ति भजन करते हुए माताजी के विषर्जन में झूमते गाते सैकड़ो की संख्या में महामाया तालाब पहुंच रहे हैं जिसमे माताजी की भक्ति का भाव अलग रूप से ही दिख जा रहा हैं जिसमे माताजी के भक्तों कों डीजे के प्रतिबन्ध होने से कोई फ़र्क़ नहीं पड़ रहा.

विषर्जन में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं के साथ- साथ पुरुष भक्त मौजूद थें जिसमे समिति के उपाध्यक्ष अमित सिंह (लव) समिति के सालाहकर अशोक पाण्डेय, मोहन पाण्डेय,राजेश केसरी, ददन साव, राधेश्याम गुप्ता, पिंटू गुप्ता, पंचम पाण्डेय, मृत्युंजय गुप्ता,अरुण तिवारी,दिव्यांश सिन्हा, हर्ष पाण्डेय, नितेश पाण्डेय, प्रियम पाण्डेय, भोला जायसवाल, अमित वर्मा, रिशु गुप्ता, वंश केशरी, सूरज गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, मनीष सोनी, सिकेश शर्मा, राहुल जायसवाल, सूर्या गुप्ता, राकेश केसरी,आकाश गुप्ता, ऋषभ पाण्डेय, शानू तिवारी, विकास पाण्डेय और महिलाओं में लालवती पाण्डेय, कृष्णा पाण्डेय, मोना पाण्डेय, दिव्या पाण्डेय, जया पाण्डेय, नीलम केसरी, अर्चना केसरी, रिंकी गुप्ता, खुशी गुप्ता, सरस्वती देवी, निर्मला देवी, प्रतिभा गुप्ता, पायल गुप्ता, कंचन गुप्ता,रीमा गुप्ता, सीमा गुप्ता, कोमल सोनी, मुस्कान तिवारी, रुपाली पाण्डेय, स्वाति जायसवाल, काजल साहू, प्रियंजलि गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में माताजी के भक्त मौजूद थें।

# शिव मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाया गया दशहरा, 50 फीट ऊंचे रावण का हुआ दहन

**गरबा, क्विज, बिंदी प्रतियोगिता और भव्य जगराते ने कार्यक्रम को बनाया खास**

**मरवाही के पंडित दीपेंद्र महाराज की टीम ने किया विशेष पूजा-पाठ**



**उदयपुर।** उदयपुर के शिव मंदिर परिसर में दशहरा का पर्व इस साल पूरी धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। कई दिनों से जारी धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने इस उत्सव को खास बना दिया। गरबा डांस, क्विज प्रतियोगिता, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता और जगराता जैसे आयोजन पूरे मंदिर परिसर में उमंग और उत्साह भरते रहे हैं। सप्तमी के दिन संस्कृति विभाग द्वारा भव्य जगराते का आयोजन हुआ, जिसने भक्तों का ध्यान आध्यात्मिक दिशा में आकर्षित किया।

अष्टमी की रात मरवाही के पंडित दीपेंद्र महाराज की टीम द्वारा विशेष पूजा-पाठ किया गया। बलि पूजा के इस महत्वपूर्ण अवसर पर पंडित जी की टीम ने विधिवत धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए, जिससे पूरे वातावरण में भक्तिमय ऊर्जा का संचार हुआ। तत्पश्चात मां नव दुर्गा की झांकी शहर में निकाली गई, बाजा गाजा के साथ रंग गुलाल खेलते हुए भक्तिपूर्ण माहौल में रात 10 बजे करीब दुर्गा मां सहित नव देवियों और अन्य भव्य एवं विशाल प्रतिमाओं का विसर्जन सोन तालाब में हाईड्रा से उठाकर किया गया।

**आकर्षण का केंद्र रहा 50 फीट की रावण -** इस दुर्गा पूजा समिति की ओर से 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया, जो इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, रावण दहन से पूर्व लगभग एक घंटे तक भव्य आतिश बाजी की गई। रावण दहन और दशहरा का मेला देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु विकासखंड उदयपुर के विभिन्न ग्रामों से आए हुए थे।

**माता के श्रृंगार का महिलाओं को किया वितरण-** दशहरा के दिन पंडित दीपेंद्र महाराज जी के द्वारा नव दुर्गा पूजन में चढ़ाए गए श्रृंगार के सामग्री का वितरण दशहरे के दिन नारी शक्ति स्वरूप उदयपुर की माताओं बहनों को प्रदान किया गया। इस दौरान जय श्री राम और जय माता दी का जय घोष होता रहा।

पूरे उत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रसाद वितरण किया गया, कई संगठनों और आम लोगों ने भंडारे का आयोजन किया।

**आयोजन में रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था-** इस दौरान थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर के नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

**दुर्गा पूजा का महत्व:** दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। मां दुर्गा शक्ति, साहस और धैर्य की देवी मानी जाती हैं, और उनका पूजन जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देता है। दुर्गा पूजा के दौरान भक्त मां दुर्गा की नौ विभिन्न शक्तियों की आराधना करते हैं, जो उनके जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और सुरक्षा का आशीर्वाद लाती हैं।

आयोजन को सफल बनाने में दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी, युवा मित्र मंडली के कार्यकर्ता, शारदा महिला मंडल के सदस्यों सहित अन्य महिलाओं और दान दाताओं का सराहनीय योगदान रहा।

# दशहरे की खुशी मातम में तब्दील

**एनएच 130 सिंगीटाना में ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत**

**व्यवसायिक रामकुमार साहू के बड़े पुत्र के सड़क हादसे में मौत की खबर सुनते दशहरा पर्व मातम बदला**




**लखनपुर** थाना क्षेत्र अंतर्गत अम्बिकापुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 130के ग्राम सिंगीटाना के समीप ट्रक की चपेट मे आने से स्कूटी सवार युवक की मौत हो है। घटना की सूचना मिलते ही दशहरा की खुशी मातम में बदल गया सूचना मिलते ही रावन दहन छोड़ गांव वाले लखनपुर अस्पताल पहुंचे पहुंचे। मृतक युवक की पहचान विवेक साहू पिता रामकुमार साहू उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम गुमगराकला थाना लखनपुर के रुप में हुई लखनपुर पुलिस रविवार को शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपूर्द किया है साथ ही दुर्घटना कारित ट्रक को कब्जे में लेकर पुलीस ने जांच शुरु की है। वहीं आप को बता दे की मृतक युवक के पिता लखनपुर के गुमगरा कला निवासी रामकुमार साहू आसपास क्षेत्र के एक अच्छे जनप्रतिनिधि एवं युवा व्यवसायी के रूप में जाने जाते हैं उनके पुत्र विवेक साहू भी उनका कार्य में सहयोग प्रदान करते थे वह अंबिकापुर साई कॉलेज में अध्यनरत थे वह किसी काम को लेकर शनिवार की शाम 4 बजे अपने घर गुमगरा कला से स्कूटी में सवार होकर अंबिकापुर गया हुआ था अंबिकापुर से घर वापस आने के दौरान रात 8 बजे अंबिकापुर - बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमाक 130 के ग्राम सिंगिंटाना में ट्रक चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण अचानक के ट्रक में ब्रेक लगाने से स्कूटी सवार विवेक साहू ट्रक के पिछे जा टकराया घटना से युवक के सर में गंभीर चोट लगने से युवक गंभीर रुप से घायल हो गया सूचना उपरांत पुलिस डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और उसे उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल लेकर आने के दौरान लखनपुर चंद्नई नदी पुल के पास युवक ने दम तोड़ दिया डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। घटना की सूचना मिलते हैं गांव में दशहरे की खुशी मातम में बदल गया और जैसे तैसे मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन और रावण दहन किया गया।अस्पताल में विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल ,मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी सहित गांव वाले भी अस्पताल पहुंचे पूरी मामले की संज्ञान लिया गया और मृतक के पिता रामकुमार साहू को हिमत्त बढ़ाते हुए हर सम्भ मदद करने का अश्वासन दिया गया।वही पुलिस ने दुर्घटना हुई ट्रक को भी अपने कस्टडी में लेकर जांच शुरू की है।

## हत्या के मामले मे सरगुजा पुलिस कों मिली सफलता, मामले का आरोपी किया गया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** गंभीर अपराधों मे शामिल आरोपियों पर सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार सख़्ती से कार्यवाही कर आरोपियों की धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि सूचक मनिजर घासी साकिन उदारी फुटहामुड़ा थाना लुन्ड्रा द्वारा दिनांक 25/08/24 कों थाना लुन्ड्रा आकर मर्ग इंटीमेशन चाक कराया कि दिनांक 25/08/24 कों सूचक का भाई भंटा राम अपने खेत तरफ जा रहा था, खेत के रास्ते मे ही भाभी परसमील घासी और उसके बेटा बहादुर घासी का घर हैं, दोनों अलग अलग घर मे निवास करते हैं कि प्रार्थी का भाई देखा कि बहादुर घासी का घर दरवाजा बंद हैं और भाभी परसमील के घर का दरवाजा खुला था, दरवाजा खुला देखकर भाभी कों आवाज़ देकर देखा घर अंदर से आवाज़ नही आने पर दरवाजा से अंदर झाक कर देखा तो भाभी परसमील जमीन मे पड़ी हुई थी और सर से खून निकल कर जमीन मे बहा था, जिसे देखकर सूचक का भाई भंटा राम सूचक कों आवाज़ देकर बुलाया तब सूचक देखा कि सूचक की भाभी परसमील घासी के सिर और चेहरा मे चोट लगकर खून निकला था और भाभी मृत हालत मे पड़ी हुई थी, बाद मे सूचक द्वारा गाँव के अन्य लोगो कों घटना की जानकारी देकर थाना आया हैं, सूचक के रिपोर्ट पर मामले मे मर्ग क्रमांक 87/24 धारा 194 बी.एन.एस.एस. कायम कर जांच मे लिया गया। दौरान मर्ग जांच घटनास्थल का निरीक्षण कर शव पंचनामा की कार्यवाही कर मृतिका के शव कों पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, प्रथम दृष्टया हत्या होने की शंका पर मामले मे गवाहों एवं परिजनों का कथन लेख किया गया, परिजनों एवं गवाहों के कथन मे मृतिका की हत्या उसके बेटा बहादुर घासी द्वारा ही किये जाने की शंका व्यक्त किया गया हैं, शव का पोस्टमार्टम किये जाने पर डॉक्टर साहब द्वारा मृतिका की मृत्यु हत्यात्मक प्रवृति का होना लेख किये जाने पर आरोपी के विरुद्ध थाना लुन्ड्रा मे अपराध क्रमांक 201/24 धारा 103(1) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# अंबिकापुर में विशाल जनसमुदाय के बीच हुआ भव्य रावण दहन

**मन के भीतर के रावण का भी वध हो तभी दहन सार्थक- राम विचार नेताम**

**अंबिकापुर/** सरगुजा सेवा समिति, नागरिक समिति तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विजयादशमी महोत्सव का रावण दहन के साथ पी जी कॉलेज ग्राउण्ड में शानदार समापन हुआ। कृषि मंत्री रामविचार नेताम के मुख्य आतिथ्य, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे, सांसद चिंतामणी महाराज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, कमिश्नर सरगुजा संभाग, कलेक्टर सरगुजा, आई जी सरगुजा संभाग, तथा नागरिक समिति संयोजक अजय अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य तथा सरगुजा सेवा समिति अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित विशाल रावण दहन एवं भव्य आतिशबाजी के कार्यक्रम में रिकार्ड 95 फिट रावण के पुतले के साथ, कुंभकर्ण तथा मेघनाद के पुतले का दहन कर अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। समिति द्वारा इस वर्ष विशेष रूप से प्रदर्शित भव्य आतिशबाजी को देखकर उपस्थित लाखों की भीड़ ने ज़बर्दस्त सराहना की। कार्यक्रम में भगवान श्री राम, लक्ष्मण तथा हनुमान बने बालकों की टोली ने सबका मन मोह लिया। जब श्री राम ने रावण का वध किया तब पूरा कॉलेज ग्राउण्ड जय श्री राम के नारों से गूंज उठा।







इस अवसर पर समिति के द्वारा पूर्व मुख्य न्यायाधीश सिक्किम सुनील सिन्हा, पूर्व मुख्य अभियंता जल संसाधन आर एन गुप्ता तथा सीनियर सिटीजन फोरम को वरिष्ठ नागरिक सम्मान प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त रामचरित मानस गायन प्रतियोगिता तथा संभाग स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओं को भी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। आदर्श कार्यकर्ता का सम्मान इस वर्ष अविनाश मंडल तथा नीरज अग्रवाल को मिला। इस अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमुदाय को दशहरा व दिपावली की शुभकामनाएं देते हुए मुख्य अतिथि राम विचार नेताम ने कहा कि बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन तभी सार्थक होगा जब हम अपने मन के भीतर के रावण का भी वध कर देंगे। दशहरा का यह पर्व आम जनमानस के जीवन में सुख, शान्ति और समृद्धि लेकर आए यही प्रार्थना है और शुभकामना है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे ने अपने बधाई संदेश में कहा कि विशाल रावण दहन के रूप में अधर्म पर धर्म की, असत्य पर सत्य की तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का परचम सदैव लहराता रहे और लोगों का जीवन सुखमय हो। इस अवसर पर सांसद चिंतामणी महाराज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, सरगुजा सेवा समिति अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी, नागरिक समिति संयोजक अजय अग्रवाल, अनिल सिंह मेजर, भारत सिंह सिसोदिया तथा आलोक दुबे ने भी सम्बोधित कर आम जनता को बधाई संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से अखिलेश सोनी, नरेन्द्र सिंह टूटेजा तथा संतोष दास सरल ने किया। आभार प्रदर्शन सरगुजा सेवा समिति महासचिव संजय अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सरगुजा एसपी योगेश पटेल, युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर, अंबिकेश केशरी, मधुसूदन शुक्ला, विद्या नंद मिश्रा, प्रयाग राज साहू, राजेश कश्यप, महेंद्र अग्रवाल, करता राम गुप्ता, एच एस जायसवाल, आकाश गुप्ता, राजकुमार बंसल, विवेक दुबे, मनोज गुप्ता, किरण मिश्रा, सावित्री जायसवाल, मधु चौदह, मंजूषा भगत, देवकी त्रिपाठी, शुभम अग्रवाल, अनिल जायसवाल, किशोर शर्मा, उपेंद्र पैकरा, नीलू कश्यप, जयंत जैन, दीपक अग्रवाल, वीर सोनी, शानू कश्यप, आभास तथा आयुष सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो नाबालिग लड़कियां लापता

**रायपुर।** विधानसभा और टिकरापारा थाना दो नाबालिग लड़कियां लापता हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 46 वर्षीय प्रार्थी ने विधानसभा थाना में शिकायत किया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की को अज्ञात आरोपी ने बहला फुसलाकर भगा ले गया है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे मामले में टिकरापारा थाना में 19 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने उसकी 15 वर्षीय बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

### सर्वे करने के नाम पर लाखों की ठगी

**रायपुर।** कृषि जैविक सर्वेक्षण परियोजना के नाम पर 2 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लखन जायसवाल 40 वर्ष विकाश विहार कालोनी रायपुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी हराधन मंडल ने प्रार्थी को कृषि जैविक सर्वेक्षण परियोजना का सर्वे के नाम पर आरोपी ने प्रार्थी से कई बार अपने खाते में 2 लाख 90 हजार 835 रुपए जमा कराकर धोखाधड़ी किया।

### बाइक की टक्कर से मासूम की मौत...

**रायपुर।** वीवी विहार कालोनी में बाइक की टक्कर से मासूम बच्चे की मौत हो गई। मामले में मोवा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नीसु नारायण वर्मा 3 वर्ष ग्राम मुंगेसर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपने माता-पिता के साथ वीवी विहार कालोनी मोवा में आया था। जहां बालक नीसु घर के बाहर खेल रहा था, तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 केजेड 0988 के चालक कृष्ण कुमार ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए मासूम बच्चे को ठोकर मार दिया। जिससे बच्चे की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान पर चोरो का धावा

**रायपुर।** रोहिणीपुरम डीडीनगर स्थित सूने मकान में अज्ञात चोर ने प्रवेश कर सामान बिखरा दिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश साहू 42 वर्ष डगनिया डीडीनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके चाचा का मकान रोहिणीपुरम में है। जिसका अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और सामान बिखरा दिया। प्रार्थी ने बताया कि उसके चाचा के वापस आने पर पता चल पाएगा कि क्या चोरी गया है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रैक्टर पलटा, दबने से महिला की मौत

**रायपुर।** ग्राम भरेंगा भाठा के पास ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें सवार महिला की मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने ट्रेक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका लक्ष्मी ढीमर 36 वर्ष ग्राम भरेंगा भाठा की रहने वाली थी। बताया जाता है कि मृतिका अन्य मजदूरों के साथ मजदूरी करने ट्रेक्टर पर सवार होकर जा रही थी। तभी चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे महिला लक्ष्मी ढीमर की मौत हो गई। वहीं अन्य महिला पूर्णिमा, लोकेश्वरी, गायत्री को चोट आई है।

### सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने तेलघानी नाका के पास सरेआम शराब पीते आरोपी दीपक महेश्वरी 30 वर्ष, पवन कुमार पारख 31 वर्ष और संजू साहू 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी विवेक सतपति 30 वर्ष एवं अभनपुर पुलिस ने आरोपी नरेन्द्र सिंह 40 वर्ष, सरबजीत सिंह 32 वर्ष व दीपक बत्रा 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** गोलबाजार, आजाद चौक एवं डीडीनगर पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 133 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 480 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस को सूचना मिली कि दाईकोरा भवन के पास एक महिला अवैध रूप से शराब बेच रही है।

5 करोड़ की लागत से 11 सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

# रायगढ़ में तेजी से विकसित हो रही है नागरिक सुविधाएं-ओपी चौधरी

रायपुर/ संवाददाता



वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने आज रायगढ़ निगम क्षेत्र में 4 करोड़ 95 लाख 91 हजार रुपए की लागत ने बनने वाली 10 डामरीकृत सड़क एवं एक सीसी सड़क निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों के लिए वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यहां सड़क निर्माण के कार्य किए जा रहे है इससे जनसामान्य को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य को लेकर निगम अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इससे क्षेत्र के विकास, आधारभूत संरचना को मजबूती मिलने के साथ लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में विकास का नया अध्याय लिखने के लिए सतत रूप से कार्य के साथ यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ सभी के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन सभी के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है, जिसमें धान का समर्थन मूल्य, महतारी वंदन जैसे विभिन्न योजनाओं के संचालन के साथ ही अधोसंरचना विकास के कार्य किए जा रहे है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, विद्युत, सड़क, चिकित्सा जैसे मूलभूत विकास के साथ ही नई पीढ़ी को भी ऊंचाई तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक संभाग मुख्यालय में ही प्रयास विद्यालय का संचालन किया जाता था, लेकिन रायगढ़ पहला जिला है जहां प्रयास विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। यहां पढ़ाई के साथ ही आवासीय सुविधाएं उपलब्ध है। जहां इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ जैसे विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करवायी जाती है। अपने बच्चों को प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रयास विद्यालय में प्रवेश दिलाएं ताकि हमारा प्रयास सफल हो और बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि हार्टीकल्चर कालेज के लिए 24 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर के लाईब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराने नालंदा परिसर की स्थापना की जाएगी। जहां युवा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी आसानी से कर पायेंगे। महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने रायगढ़ के विकास में सतत् रूप से सहयोग के लिए वित्त मंत्री श्री चौधरी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व में निगम क्षेत्र के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर नगरीय संस्थाओं के अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल छातामुड़ा बस्ती में 32 लाख 15 हजार रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 41 छातामुड़ा मेन गेट से बस्ती तक डामरीकृत सड़क निर्माण, 15 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 41 मेन रोड से सहदेव पाली बस्ती तक सीसी सड़क निर्माण, 50 लाख रुपए।

# नेशनल गोल्फ आयोजन से छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा

रायपुर। संवाददाता

मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज नवा रायपुर के मेफेयर स्थित गोल्फकोर्ट में गोल्फफेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप प्री-लांच का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम का भी चयन किया जाएगा। इससे अन्य खेलों के साथ गोल्फ खेल के लिए लोगों में रूचि बढ़ेगी। नेशनल गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नवा रायपुर में 24 से 26 अक्टूबर के बीच नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया रहा है। इस आयोजन में देश के 20 राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे। आयोजन में छत्तीसगढ़ सरकार की भी सहभागिता होगी। मुख्य सचिव ने कहा कि एक स्वस्थ मन के लिए स्वस्थ शरीर का होना आवश्यक है। इसके लिए सभी को किसी न किसी खेल में हिस्सा लेना जरूरी है। नवा रायपुर पर्यटन के रूप में भी विकसित हो रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यहां की हरियाली को भी प्रमोट किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बादाम के पौधे का वृक्षारोपण भी किया। नेशनल गोल्फ फेडरेशन के संस्थापक एवं महासचिव आर्यवीर आर्या ने इस आयोजन के संबंध में कहा कि गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) खेल, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और विजन भारत 2047 के लिए काम करने प्रतिबद्ध है। स्टार्टअप और राज्य पर्यटन विभाग छत्तीसगढ़ राज्य को बढ़ावा देने के लिए स्थल पर अपने स्टॉल लगा सकते हैं। नवा रायपुर में चैंपियनशिप का आयोजन होने से नवा रायपुर के गोल्फकोर्स को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने का प्लेटफार्म तैयार होगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ को लेकर बना परसेप्शन भी बदलेगा। चैंपियनशिप के लिए पहला पुरस्कार 10 लाख रुपए और वाउचर एवं ट्रॉफी तथा रनरअप पुरस्कार 6 लाख रुपए ।

# नीट-पीजी राज्य काउंसिलिंग में हस्तक्षेप करने सीएम को ज्ञापन

रायपुर। संवाददाता

यूनाईट डॉक्टर फ्रंड एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है हम वे छात्र हैं जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा प्रबंधित और संचालित कॉलेजों, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हेल्थ साइंस एंड आयुष यूनिवर्सिटी आफ छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आते हैं, से एमबीबीएस पूरा किया है। हम आपके ध्यान में एक महत्वपूर्ण मुद्दा लाना चाहते हैं जो स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए राज्य कोटा सीटों के आवंटन से संबंधित है। छत्तीसगढ़ मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट एडमिशन रूल्स, 2021 के अनुसार, छत्तीसगढ़ के प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में सभी पीजी सीटों का 50 प्रतिशत राज्य कोटा सीटों के रूप में नामित किया गया है। ये सीटें उन छात्रों के लिए हैं जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा प्रबंधित और संचालित कॉलेजों, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हेल्थ साइंस एंड आयुष यूनिवर्सिटी आफ छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आते हैं, से एमबीबीएस पूरा किया है और नीट-पीजी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, छत्तीसगढ़ मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट एडमिशन रूल्स, 2021 के नियम 11-(क) की गलत व्याख्या की गई थी, जिसस एम्स रायपुर से एमबीबीएस पूरा करने वाले छात्रों को राज्य कोटा में शामिल किया गया था। यह व्याख्या कई कारणों से गलत है:-1. राज्य कोटा की कानूनी आधारशिला और इंस्टीट्यूशन प्रिफेंस का कांसेप्ट नीट-पीजी में राज्य कोटा की बुनियाद भारत के सुप्रीम कोर्ट द्वारा में दिए गए एक निर्णय डा. प्रदीप जैन एवं अन्य वर्सेस यूनियन आफ इंडिया ओआरएस.पर आधारित है।

राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक शर्मा ने सौजन्य मुलाकात की इस अवसर पर श्रीमती अनामिका चौधरी, मनोज चौधरी भी उपस्थित थे



गरीबों के आवास का सपना हो रहा साकार-खाद्य मंत्री

# पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपी-बघेल.....

- गरियाबंद में 42 हजार से अधिक आवास पूर्ण, प्रतीक्षा सूची के परिवारों को भी मिलेगा आवास

रायपुर। संवाददाता



खाद्य मंत्री एवं गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल आज जिले में गांधी मैदान स्थित मंगल भवन में आयोजित जिला स्तरीय आवास मेला कार्यक्रम में शामिल हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना से आज गरीबों के स्वयं का आवास का सपना साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार में आते ही सबसे पहला काम 18 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति देने का काम किया। मंत्री बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के आवासहीन परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं राजिम विधायक रोहित साहू विशेष रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर बघेल ने जनप्रतिनिधियों के साथ पीएम आवास योजना के अंतर्गत पूर्ण आवास के 10 हितग्राहियों को चाबी एवं नये स्वीकृत आवास के 10 हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश प्रदान किया। मंत्री बघेल ने इस मौके पर हितग्राहियों को नए मकान की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। खाद्य मंत्री बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा गरीबों के आवास के सपने को पूरा किया जा रहा है।

### मोबाइल में गेम खेलने से मना करने पर 10वीं के छात्र ने दी जान

**रायपुर।** आज से समय में बच्चों से लेकर युवाओं तक को ऑनलाइन मोबाइल गेम्स की लत लग गई है. वे हर समय मोबाइल में गेम खेलने में व्यस्त रहते हैं और परिजनों के मना करने या मोबाइल छीनने पर अपनी जान दे देते हैं. एक ऐसा ही दिल दहला देने वाली घटना छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से सामने आई है. जहां मोबाइल गेम खेलने से परिजनों के मना करने पर कक्षा 10वीं के छात्र ने आत्महत्या कर ली है। यह मामला दुगली थाना क्षेत्र के गुहाननाला गांव का है. मोबाइल पर गेम खेलने से मना करने पर नाराज कक्षा दसवीं के एक छात्रा ने जहर सेवन कर लिया. वहीं इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई. पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतक छात्र के परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि ग्राम गुहाननाला निवासी लोकनाथ सोरी कक्षा दसवीं का छात्र था. जो मोबाइल चलाने का बहुत ज्यादा आदि हो गया था और मोबाइल में पबजी गेम भी खेला करता था. वहीं परिजनों ने दिनभर मोबाइल चलाने से मना करने पर छात्र नाराज हो गया और अपने खेत तरफ जाकर जहर सेवन कर लिया.

# चरणदास ने राज्यपाल के नाम लिखा पत्र....

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्यपाल के नाम पत्र मे लिखा है कि, छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों के द्वारा परिश्रमपूर्वक खरीफ सीजन - 2023 में उत्पादित धान का समर्थन मूल्य पर उपार्जन राज्य सरकार के खाद्य विभाग की व्यवस्थानुसार किया गया था, उपार्जन की मात्रा 144 लाख 12 हजार मैट्रिक टन थी। समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की मीलिंग करके चावल तैयार किया जाता है और राज्य की आवश्यकता के लिए चावल राज्य में रखकर अतिरिक्त चावल भारतीय खाद्य निगम को दिया जाता है। मीलिंग पूर्ण होने में पर्याप्त समय लगता है। इस अवधि में धान की सुरक्षा एवं रखरखाव का उत्तरदायित्व राज्य सरकार का होता है। दिनांक 02 सितम्बर 2024 की स्थिति में यह पाया गया कि कुल 25 लाख 93 हजार 880 क्विंटल धान की मीलिंग नहीं हो सकी थी। आगे पड़ताल करने पर यह पाया गया कि, उक्त मात्रा में से 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान तो विभिन्न खरीदी केन्द्रों पर शेष बताया जा रहा है तथा 21 लाख 77 हजार 470 क्विंटल धान छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ के विभिन्न संग्रहण केंद्रों पर शेष बताया जा रहा है। इसका प्रमाण संलग्न है। इस शेष धान की स्थिति का प्रारंभिक तौर पर मुआयना करवाने पर यह पाया गया कि खरीदी केन्द्रों पर जो धान रिकार्ड में शेष दिख रहा है वहां धान है ही नहीं। इसी प्रकार संग्रहण केन्द्रों पर शेष धान जो खुले आसमान के नीचे कैप कव्हर के अंदर भंडारित किया गया था।

पारिस्थितिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण वन क्षेत्र की पहचान की

# छग के बचेली वन क्षेत्र में प्राचीन वनस्पतियों का जीवंत संग्रह

रायपुर/संवाददाता



छत्तीसगढ़ वन विभाग ने हाल ही में पारिस्थितिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण वन क्षेत्र की पहचान की है, जो दंतेवाड़ा वन मंडल के बचेली वन परिक्षेत्र में स्थित है और बीजापुर के गंगालूर वन परिक्षेत्र तक फैला हुआ है। इस विशेष वन क्षेत्र में कई प्राचीन वनस्पतियों की प्रजातियां पाई गयीं है, जो छत्तीसगढ़ राज्य की असाधारण जैव विविधता को प्रदर्शित करता है। इस क्षेत्र को वैज्ञानिकों और वन अधिकारियों ने जैव विविधता के लिए अत्यधिक समृद्ध और महत्वपूर्ण माना है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह खोज न केवल इस क्षेत्र के पर्यावरणीय महत्व को दर्शाती है, बल्कि भविष्य में वन अनुसंधान और संरक्षण के प्रयासों को भी नई दिशा देगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस क्षेत्र की जैव विविधता को संरक्षित करने और वन अनुसंधान को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस खोज से राज्य को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी। सरकार इस क्षेत्र में शोध और अध्ययन के लिए विशेष प्रोत्साहन देगी, ताकि इन दुर्लभ प्रजातियों को संरक्षित रखा जा सके। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्लभ वन क्षेत्र विशेष रूप से उन पौधों की प्रजातियों का घर है, जो करोड़ों साल पहले के समय में अस्तित्व में थीं। अब यह क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक अध्ययन के लिए बल्कि पर्यटन के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है। समुद्र तल से 1,240 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित यह वन क्षेत्र सबट्रॉपिकल ब्रॉड-लीव्ड हिल फॉरेस्ट (फॉरेस्ट टाइप 8) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। खास बात ये है की यह छत्तीसगढ़ का सबसे ऊंचाई वाला वन क्षेत्र हो सकता है। जबकि राज्य में मुख्य रूप से मॉइस्ट एंड ड्राय डेसिड्युअस फॉरेस्ट्स (फॉरेस्ट टाइप 3 एंड 5) के लिए जाना जाता है, यह विशेष वन पैच ब्रॉड-लीव्ड हिल फॉरेस्ट एक नया पारिस्थितिक आयाम प्रस्तुत करता है। यहां की वनस्पति पश्चिमी घाट की वनस्पतियों से काफी हद तक मेल खाती है। कांगेर घाटी के जंगलों की तरह, यह क्षेत्र भी विभिन्न प्रकार की प्रजातियों से समृद्ध है। इसके अलावा, मानवजनित दबाव की कमी होने कारण इन प्रजातियों को बिना किसी बाधा के पनपने में मदद मिली है। इस क्षेत्र को एक 'जीवित संग्रहालय' माना जा रहा है, क्योंकि यहां कई प्राचीन पौधों की प्रजातियां संरक्षित हैं, जो संभवत: प्रागैतिहासिक काल, यहां तक कि डायनासोर युग से संबंधित हो सकती हैं। यहां पाई गई कुछ वनस्पतियों की प्रजातियों को छत्तीसगढ़ में पहली बार दर्ज किया गया माना जा रहा है। इस विशेष वन का तीन दिवसीय सर्वे अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास एवं योजना) श्री अरुण कुमार पांडे, आईएफएस के नेतृत्व में किया गया। इस सर्वे दल में पर्यावरणविदों और वन अधिकारियों के साथ-साथ आईएफएस परिवीक्षाधीन अधिकारी श्री एस. नवीन कुमार और श्री वेंकटेशा एम.जी. भी शामिल थे। इसके अलावा, वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के उप निदेशक डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्रा और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के पूर्व विभागाध्यक्ष श्री एम.एल. नायक भी सर्वे टीम का हिस्सा थे। सर्वे के दौरान, टीम ने दुर्लभ और प्राचीन वनस्पतियों की कई प्रजातियों का

# संपादकीय

## जयशंकर चुप ही रहे

पड़ोसी देशों का भारत से रिश्ता वहां के किसी एक राजनीतिक खेमे पर इतना निर्भर क्यों है? इसका आधार पूरे सियासी दायरे में क्यों नहीं है? फिर उन देशों में भारत विरोधी भावनाओं के लिए खुद भारत के सत्ताधारी नेता कितने जिम्मेदार हैं? विदेश नीति के मोर्चे पर भारत को गहरे आत्म-निरीक्षण की जरूरत है, लेकिन वर्तमान सरकार से इसकी अपेक्षा निराधार है। इस सरकार की पहचान प्रतिकूल स्थितियों में अनुकूलता के तत्व गढने) की रही है। यही संकेत फिर मिला, जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर वॉशिंगटन स्थित एशिया सोसायटी के संवाद में शामिल हुए। वैसे उनसे यह सुनना कर्णप्रिय लगा कि पड़ोसी देशों की अंदरूनी घटनाएं भारत की इच्छा के मुताबिक घटे, ऐसी अपेक्षा भारत नहीं रखता। संदर्भ लगभग दो महीने पहले बांग्लादेश में हुए सत्ता पलट और इसी हफ्ते श्रीलंका में आए चुनाव नतीजों का था। पांच अगस्त को शेख हसीना के देश छोड़ने पर मजबूर होने के बाद से बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाएं ऊफान पर हैं। इधर समझा जाता है कि श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनूरा कुमार दिसानायके और उनकी पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना परंपरागत रूप से भारत विरोधी रही हैं। मतलब यह कि दो महीनों के अंदर दो पड़ोसी देशों में भारतीय विदेश नीति के लिए नई चुनौतियां पैदा हुई हैं। आत्म-निरीक्षण का विषय यह होना चाहिए कि आखिर पड़ोसी देशों का भारत से रिश्ता वहां के किसी एक राजनीतिक खेमे पर इतना निर्भर क्यों है? इसका आधार पूरे सियासी दायरे में व्यापकता लिए क्यों नहीं है? आत्म-निरीक्षण का दूसरा विषय है कि उन देशों में भारत विरोधी भावनाओं के लिए खुद भारत के सत्ताधारी नेता कितने जिम्मेदार हैं? अभी हाल में गृह मंत्री अमित शाह झारखंड में चुनाव प्रचार में गए, तो वहां उन्होंने बांग्लादेशियों के बारे में कुछ ऐसा कहा, जिससे बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाएं फिर भड़क उठीं। शाह पहले भी बांग्लादेशियों के लिए दीमक जैसे शब्द बोल चुके हैं। इसी तरह तमिलनाडु में चुनाव के मौके पर प्रधानमंत्री ने कच्चतिवू द्वीप का मसला जोरशोर से उठाया था, जिसको लेकर श्रीलंका में तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। विडंबना यह है कि चुनाव के बाद कच्चतिवू के सवाल को भुला दिया गया। सत्ता के शिखर पर बैठे नेता जब चुनावी गणना के मुताबिक दूसरे देशों से संबंधित मुद्दे गरमाते हैं, तो क्या उन्हें इसके उन देशों में संभावित असर का ख्याल नहीं रहता? ऐसे बिंदुओं पर जयशंकर चुप ही रहे।

## क्रिएट इन इंडिया' के मायने

**अनुराग सक्सेना**

पश्चिमी देशों ने नवाचार, बौद्धिक संपदा (आईपी) और तकनीकी प्रगति पर सदियों से अपना फोकस निरंतर बनाए रखने का लाभ उठाया है। अक्सर विनिर्माण और सेवा की तुलना में सृजन को महिमामंडित करके, इन देशों ने न केवल अपने आविष्कारों का आर्थिक लाभ प्राप्त किया है, बल्कि अपनी अवधारणाओं को वैश्विक स्तर पर निर्यात भी किया है। इन उपायों से वे आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुए हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका ने इंटरनेट, फार्मास्यूटिकल और एयरोस्पेस जैसी विघटनकारी तकनीकों के माध्यम से उद्योग जगत को बदल दिया। इसके परिणामस्वरूप, उनके उत्पादों और सेवाओं की वैश्विक मांग पैदा हुई। इसी तरह, यूरोपीय देशों ने इंफ्रास्ट्रक्चर (जैसे- रेलमार्गों के आर्थिक लाभ), ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग और लक्जरी सामान जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व किया है, जहां नवाचार और बौद्धिक संपदा (आईपी) उनके वैश्विक प्रभुत्व के मूल में हैं। इसके विपरीत, भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं ने ऐतिहासिक रूप से विनिर्माण और सेवाओं पर अपने विकास को टिकाया है। यह दोनों ही क्षेत्र मूल्य-संवर्धन के परिदृश्य में निचले स्थान पर हैं। यह दृष्टिकोण, औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी होने के बावजूद, नवाचार या आईपी सृजन को प्राथमिकता नहीं देता है। वास्तव में बौद्धिक संपदा आर्थिक लाभ उठाने योग्य है। यही कारण है कि ये देश उन्नत प्रौद्योगिकियों के निर्माता बनने के बजाय उपभोक्ता बन गए हैं।

हालांकि, चीन ने हाल के वर्षों में इस मॉडल को तोड़ दिया है। इसने नवाचार, बौद्धिक संपदा और तकनीकी प्लेटफार्मों में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। देश ने दूरसंचार, सोशल मीडिया और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों का विकास किया है। हुआवेई, टिकटोक और टेंसेंट जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियां इसके उदाहरण हैं। इन प्रयासों ने चीन की घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। इतना ही नहीं, इसे एक मजबूत वैश्विक निर्यातक के रूप में स्थापित किया है, और इसे दुनिया भर के अमूल्य डेटा तक पहुंच प्रदान की है। दूसरी ओर, भारत ने एक अलग तीव्र प्रगति का अनुसरण किया। उत्पादीकरण और प्रौद्योगिकी निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, भारत संपर्क केंद्रों, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) और आईटी सेवाओं का पर्याय बन गया। इस स्थिति ने भारत को दुनिया का बैकरूम का नाम दिया। यह एक ऐसी भूमिका है, जिसने आर्थिक रूप से लाभकारी होने के बावजूद, नवाचार और उच्च-मूल्य प्रौद्योगिकी निर्माण के मामले में देश को पिछड़ा बना दिया। जबकि भारत ने सेवाएं प्रदान करने में उत्कृष्टता हासिल की, इसने अक्सर अन्य देशों के नवाचार और उत्पाद विकास से जुड़े प्रयासों का नेतृत्व करने के बजाय उनका समर्थन किया।

हालांकि, पिछले दशक में भारत के वैश्विक रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है। भारत एक भू-राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरा है और इसने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ताकत दिखाई है। कूटनीतिक रूप से, भारत ने वैश्विक मंच पर एक अधिक मुखर स्थिति अपनाई है, अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी स्वायत्तता बनाए रखते हुए प्रमुख शक्तियों के साथ रणनीतिक साझेदारी भी कायम की है। भू-राजनीतिक क्षेत्र में, भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है और क्वाड जैसी पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ताकि भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव का मुकाबला किया जा सके। व्यापार के मोर्चे पर, भारत ने व्यापार सौदों पर फिर से बातचीत की है और इसे खासकर कोविड-19 महामारी के कारण वैश्विक व्यवधानों के मद्देनजर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक महत्वपूर्ण हस्ती के रूप में देखा जा रहा है।

यह नई मुखरता इस बात को निहित करती है कि भारत का क्रिएट इन इंडिया पर वर्तमान ध्यान समयोचित और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्यों है। नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास का समर्थन करके, भारत आर्थिक रूप से और सॉफ्ट पावर के मामले में, अगली सदी पर प्रभुत्व कायम करने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। आर्थिक रूप से, सृजन पर ध्यान केंद्रित करने से भारत मूल्य श्रृंखला में ऊपर उठ सकेगा, अपनी बौद्धिक संपदा पर अधिक लाभ अर्जित कर सकेगा और विदेशी प्रौद्योगिकियों पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा। सॉफ्ट पावर के मामले में, मीडिया और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने से भारत को विकृत पश्चिमी कथानकों पर लगातार प्रतिक्रिया करने के बजाय अपने खुद के कथानकों को आकार देने की सुविधा मिलेगी। जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया, आइए हम सब मिलकर %क्रिएट इन इंडिया' यानी 'भारत में सृजन करें% आंदोलन शुरू करें। ऐसे में हर कोई इसके दूसरे और तीसरे क्रम के प्रभावों, खासकर कथानक-सुधार और हमारे सभ्यतागत विचारों को वैश्विक स्तर पर निर्यात करने पर पड़ने वाले प्रभाव को नहीं समझ पाया। ईस्टमैन कलर और विनाइल रिकॉर्ड की प्रौद्योगिकियों ने अमेरिका को अपने नायकों और रॉकस्टार को आगे बढ़ाने में मदद की। एक्सआर और गेमिंग का युग भारत को अपने नायकों और रॉकस्टार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सफलता का रहस्य

**बृजनन्दन राजू**

इस वर्ष 2025 विजयादशमी का पावन पर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष का शुभारम्भ है। हिन्दू संगठन और राष्ट्र को परमवैभव पर ले जाने के जिस उद्देश्य को लेकर सन 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डा. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उस ध्येय पथ पर संघ निरन्तर बढ़ता जा रहा है। किसी भी जीवंत संगठन के लिए शताब्दी वर्ष तक की यात्रा बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जाती है। कोई भी संगठन किसी निश्चित उद्देश्य से बनता है और दस,बीस, पचास साल में उसकी महत्ता घट जाती है। जबकि संघ में ऐसा नहीं है। अभी भी संघ बूढ़ा नहीं बल्कि चिरयुवा है। इस सुदीर्घ यात्रा में संघ ने राष्ट्र के नवोत्थान का पथ आलोकित किया है। देशवासियों में देश के प्रति निष्ठा व समर्पण का भाव जगाया है।

अब तक की यात्रा में हिन्दू संगठन के साथ-साथ आम लोगों का विश्वास जीतने और राष्ट्र जागरण के प्रयास में संघ पूर्णतया सफल रहा है। देश दुनिया में आरएसएस नाम से विख्यात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। संघ की तुलना किसी दूसरे संगठन से नहीं कर सकते क्योंकि तुलना करने के लिए भी इसके जैसा कोई होना चाहिए। इसीलिए बहुत से लोग स्वार्थवश संघ को बुरा भला कहते हैं। कुछ लोग अज्ञानवश भी संघ की आलोचना करते हैं क्योंकि उनको संघ की असलियत पता नहीं है।

नागपुर से शुरू हुआ संघ विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस वटवृक्ष की छांव में भारत की संस्कृति और परम्परा पुष्पित पल्लवित हो रही है। आज 50 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में संघ से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं। यह सभी संगठन स्वायत्त जरूर हैं लेकिन उनके पीछे संघ की शक्ति ही सक्रिय है। विविध क्षेत्रों में कार्य करने वाले संघ के आनुषांगिक संगठन विश्व के शीर्ष संगठनों में शुमार हैं। चाहे किसान संघ हो, मजदूर संघ हो, विद्यार्थी परिषद हो, वनवासी बंधुओं के बीच कार्य करने वाला संगठन वनवासी कल्याण आश्रम हो, शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती,धर्म के क्षेत्र में सक्रिय विश्व हिन्दू परिषद हो या फिर राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय भारतीय जनता पार्टी। यह सब विश्व में चोटी के संगठन हैं। कुल मिलाकर देखेंगे तो पायेंगे समाजजीवन का ऐसा कोई क्षेत्र अक्षूता नहीं है जिस क्षेत्र में संघ के कार्यकर्ता काम न कर रहे हों। लोगों के लिए यह आश्चर्य का विषय है कि ऐसी कौन सी शक्ति या विजन है कि संघ इतना पुराना संगठन होने के बावजूद उसकी शक्ति नित्य-प्रति बढ़ती जा रहे है। लोग कहते हैं कि आखिर संघ की सफलता का रहस्य क्या है? यह जानने के लिए संघ स्थापना की पृष्ठभूमि पर गौर करना आवश्यक होगा। डा. हेडगेवार ने राष्ट्र की समस्याओं का आकलन किया और उनके समाधान के सूत्र खोजे।

जिसमें प्रमुख कारण था देशभक्ति का अभाव। आपसी संबंधों का अभाव। जागरूकता का अभाव। इसके लिए संघ संस्थापक ने शाखा नामक अभिनव कार्यपद्धति विकसित की। डा. हेडगेवार ने कहा कि हम शाखा के माध्यम से स्वयंसेवक तैयार करेंगे और यही स्वयंसेवक ही आगे चलकर समाज में बदलाव लायेंगे।



**नित्य प्रति लगने वाली शाखा-** डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने सन 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में संघ की स्थापना की। प्रथम संघ की शाखा मोहिते का बाड़ा में शुरू हुई। इसके बाद शाखा का विस्तार होता गया। व्यक्ति निर्माण में शाखा का प्रयोग अद्धितीय अनुपम व अनूठा है। संघ की सफलता का रहस्य शाखा में ही निहित है। अनेकों संगठन संघ की भांति शाखा चलाने की बात करते हैं लेकिन उन्हें यह पता नहीं कि शाखा चलाने के लिए अनेकों स्थानीय कार्यकर्ता व प्रचारकों की लम्बी श्रंखला का कठोर परिश्रम तथा समय लगता है। इसी त्याग तपस्या का प्रतिफल है शाखा। शाखा के माध्यम से संघ ने व्यक्ति निर्माण करने में सफलता प्राप्त की है। शाखा प्रतिदिन 60 मिनट की ही लगती है। शाखा के कार्यक्रम तय हैं। पूरे एक घंटे का शारीरिक व बौद्धिक कार्यक्रमों का नियोजन है। शाखा का प्रारम्भ व विकिर (समापन) सीटी से होता है। शाखा के कार्यक्रमों से स्वयंसेवकों में विविध गुणों का विकास होता है। देश का कार्य करने के लिए अपना शरीर सशक्त होना चाहिए। इसके लिए व्यायाम आवश्यक है। प्रतिदिन शारीरिक कार्यक्रम होते हैं। शाखा में मुख्य शिक्षक की आज्ञा का पालन सब करते हैं चाहे संघ के सरसंघचालक ही क्यों न हों।

मुख्य शिक्षक की आज्ञा होती है अग्रेसर। शाखा में कितनी भी अधिक संख्या क्यों न हो जो स्वयंसेवक अग्रेसर रेखा पर आ गया शेष सब स्वयंसेवक अग्रेसर के पीछे ही खड़े होते हैं,फिर आयु या कद का बंधन नहीं रहता है। उसी तरह संघ में एकसह सम्पत एक आज्ञा होती है। इसका अर्थ होता है एक लाइन में खड़े होना। इसमें भी कोई भी स्वयंसेवक जो पहले आकर खड़ा हुआ उसके बगल में ही सब खड़े होंगे। छोटे बड़े का कोई भेद नहीं। शाखा में आने वाले सभी स्वयंसेवक एक दूसरे को भाई साहब कहकर अभिवादन करते हैं। पांच साल का स्वयंसेवक भी 70 साल के स्वयंसेवक को भाई साहब ही कहता है। स्वयंसेवकों में यह भाव पैदा किया जाता है कि हम सभी भारत माता के पुत्र हैं तो हम सब आपस में भाई-भाई हैं। संघ शाखा के इसी भाव के द्वारा ही नित्य सिद्ध शक्ति खड़ी होती है।

**प्रचारक पद्धति-** डा. हेडगेवार ने नागपुर से बाहर अन्य प्रदेशों में संघ कार्य विस्तार के लिए युवाओं को भेजना शुरू किया। तब से प्रचारक पद्धति शुरू हो गयी। संघ में प्रचारक ऋषि परम्परा के समान साधक माने जाते हैं। संघ के स्वयंसेवक प्रचारकों को अपना आदर्श मानते हैं। संघ कार्य की मुख्य धुरी प्रचारक ही होते हैं। इन प्रचारकों के भोजन जलपान इत्यादि की चिंता स्वयंसेवक ही करते हैं। प्रचारक पूरा समय देकर संघ का कार्य करता है। प्रचारक हिन्दू-हिन्दू भाई का केवल गीत नहीं गाते हैं उसे जीवन में उतारते हैं। रज्जू भैया,अशोक सिंघल जैसे अनेकानेक युवा जो प्रचारक निकले क्षमता प्रतिभा की कोई कमी नहीं थी। पर सब कुछ संघ में रहकर भारत मां के चरणों में समर्पित कर दिया। बड़ी संख्या में निकले इन प्रचारकों के कारण ही संघ का काम तेजी से बढ़ा है। संघ के प्रचारक की दिनचर्या प्रातः चार बजे से शुरू होकर रात 11 बजे से पहले सोने का कोई प्रश्न ही नहीं होता।

प्रचारक चार बजे अवश्य जग जाता है क्योंकि उसे नित्य प्रभात की शाखा पर प्रवास करना होता है। प्रचारक के नाते जिस क्षेत्र में वह है वहां संघ का काम बढ़े बस यही उसकी अपेक्षा रहती है। प्रचारकों का समय-समय पर स्थान परिवर्तन भी होता रहता है। यह भी गारंटी नहीं कि उनका काम अच्छा रहेगा तो वहीं रहेंगे। उनका कार्यक्षेत्र यहां तक कि एक संगठन से दूसरे संगठन में भी भेजा जाता है। जब पंजाब में खालिस्तानी उग्रवाद चरम पर था। बिना केश कृपाण वालों की कब हत्या हो जाए ऐसे संकट के काल में पूरे देश से प्रचारक पंजाब भेजे गए। अनेक प्रचारकों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी। कुछ समय पहले तक यही हाल काश्मीर का भी था। समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में जो आज परिवर्तन दिखाई दे रहा है उस परिवर्तन के पीछे संघ से भेजे गये प्रचारकों की मेहनत ही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय,अटल बिहारी बाजपेई, दत्तोपंत ठेंगड़ी, मोरोपंत पिंगले और नरेन्द्र मोदी प्रचारक परम्परा के ही प्रासाद हैं।

**संघ कार्य का आधार स्थानीय कार्यकर्ता -** संघ में सम्पूर्ण कार्य का मुख्य आधार सामान्य स्वयंसेवक ही है। जो विद्यार्थी है,व्यवसायी है किसान है या गृहस्थी चलाने के लिए अन्य कोई कार्य करता है। संघ का वास्तविक आधार समाज का वही सामान्य नागरिक है। संघचालक,कार्यवाह तथा सामान्य जीवन जीने वाले अन्यान्य स्वयंसेवक सब प्रकार के व्यक्तिगत मोह,ममता,सुख दुख काम धंधे के खतरे को उठाते हुए संघ का काम करते हैं। संघ ने सम्पूर्ण समाज से केवल एक प्रतिशत लोगों को आने के लिए कहा। उन एक प्रतिशत से भी कहा कि आपका केवल 24 घंटे से मात्र एक घंटे ही चाहिए। शाखा लगाने से लेकर संघ के सारे कार्य स्थानीय कार्यकर्ता ही करते हैं। स्थानीय कार्यकर्ताओं के बल पर ही संघ बढ़ता है। प्रचारकों की चिंता से लेकर संगठन की मीटिंग बैठक,कार्यक्रम व वर्गों की व्यवस्था स्वयंसेवक ही करते हैं। संघ के स्वयंसेवक वर्ष में एक बार गुरू दक्षिणा करते हैं। इसी से संघ का खर्चा चलता है।

**आत्मीयता-** संघ में कहा जाता है कि शुद्ध सात्विक कार्य अपने कार्य का आधार है। तो यह केवल कहा ही नहीं जाता है बल्कि यह वास्तविकता भी है। आत्मीयता ही संघ कार्य का आधार है। संघ के कार्यकर्ता बिना लोभ लालच व राग द्वेष के बिन निःस्वार्थ भाव से अहर्निश संघ कार्य करते हैं। यह सब आत्मीयता के कारण। क्योंकि संघ में प्रचारकों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का इतना स्नेह मिलता है कि कार्यकर्ता उस काम को पूरा करने के लिए प्राण प्रण से जुटा रहता है। अपनी नौकरी से समय निकाल लेगा, घर के कामों से संघ के कामों के लिए समय निकाल लेगा। भारतभर में अनेक संगठन हैं लेकिन जो आत्मीयता का भाव संघ में है उस प्रकार की आत्मीयता का भाव अन्य किसी भी संगठन में नहीं है। आत्मीयता ही संघ की रीति नीति प्रकृति व स्वभाव बन गया है। जब संघ का स्वयंसेवक एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में जाता है तो वहां वह यह अनुभव करता है। मैं संघ का स्वयंसेवक हूं बस इतना सुनते ही भाव बदल जाता है। नागपुर में पूरे देश से लोग तृतीय वर्ष करने आते हैं। एक साथ रहते हैं। हर एक गण में कम से 10 प्रान्तों के कार्यकर्ता रहते हैं। इसी तरह गट में भी अलग -अलग प्रान्तों के कार्यकर्ता रहते हैं। अलग भाषा-भाषी और खान-पान होने के बाद भी परस्पर इतनी आत्मीयता रहती है कि वह बंधु भाव जीवन पर्यन्त बना रहता है।

**विचार-** जिस ध्येय की पूर्ति के लिए संघ काम करता है। उसकी स्पष्ट कल्पना कार्यकर्ताओं में होनी चाहिए। राष्ट्र प्रथम,भारत हिन्दू राष्ट्र है। हिन्दू -हिन्दू भाई है। एक जन,एक संस्कृति एक राष्ट्र यही संघ का विचार है। यह देश समाज व राष्ट्र हमारा है। इसकी रक्षा कराना हमारा दायित्व है। विचार यदि आचार न बनते व्यर्थ तत्व का गायन है। इसलिए संघ में जो कहा जाता है वह कार्यकर्ताओं व संघ के पदाधिकारियों के जीवन में दिखता है। अन्यथा हमारे विचार कितने भी श्रेष्ठ क्यों न हों अगर वह जीवन व आचरण में नहीं दिखते तो उसका कोई महत्व नहीं रहता। इसलिए संघ में बंधुभाव व समरसता केवल कहने के लिए नहीं बल्कि है। एक और सबसे महत्व की बात है कि संघ प्रतिक्रियावादी नहीं है।

संघ की एक मति व गति है। उसी गति से संघ काम करता है। संघ कोई भी निर्णय जल्दबाजी,हड़बड़ी या उतावलेपन में नहीं लेता। कोई भी तात्कालिक प्रश्न आने पर संघ व्यग्रता नहीं दिखाता। तात्कालिक प्रश्न सम्मुख आया उसके निराकरण में कितनी शक्ति लगाना इसका योग्य विचार करके ही संघ अपनी शक्ति लगाता है। यही संघ की सफलता का रहस्य है।

# जम्मू-कश्मीर के चुनावी नतीजों के निहितार्थ

**उमेश चतुर्वेदी**

जम्मू और कश्मीर राज्य एवं राम मंदिर में क्या कोई समानता हो सकती है? मोटे तौर पर देखें तो इनमें कोई समानता नहीं हो सकती। लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी के संदर्भ में दोनों को ही देखें तो समानता नजर आती है। राममंदिर और जम्मू-कश्मीर, भारतीय जनता पार्टी के कोर मुद्दे रहे हैं। लेकिन चुनावी मोर्चे पर दोनों ही मुद्दे कम से कम स्थानीय स्तर पर भाजपा को निराश ही करते रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 370 और कैबिनेट के प्रस्ताव 35 ए की वजह से जम्मू-कश्मीर की स्थिति देश के अन्य राज्यों से अलग रही है। यह अलग स्थिति ही वहां के अलगाववाद की नासूर का कारण मानी जाती रही है। भारतीय जनता पार्टी ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करके एक तरह से इस नासूर को ही खत्म कर दिया। ऐसे में इसका चुनावी श्रेय भारतीय जनता पार्टी को मिलने की उम्मीद होना स्वाभाविक है। लेकिन विधानसभा चुनाव नतीजों ने पार्टी को निराश ही किया है।

यहां पर राममंदिर आंदोलन और उस बीच हुए उत्तर प्रदेश के चुनावों की याद आना स्वाभाविक है। छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद अव्वल तो होना चाहिए था कि आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को अपने दम पर भारी जीत मिलती। लेकिन 1993 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर भले ही उभरी, लेकिन वह बहुमत से दूर रही। जनवरी 2024 में अयोध्या में भव्य राममंदिर बनकर तैयार हो गया। देश और दुनिया में राममंदिर को लेकर अलग तरह का उत्साह देखा गया। पांच सौ वर्षों के संघर्ष का अंत हुआ। इस संघर्ष की अगुआ भारतीय जनता पार्टी ही रही। इसलिए इस संघर्ष का उसे चुनावों में फायदा मिलना चाहिए था। लेकिन उलटबांसी देखिए कि कुछ ही महीनों बाद हुए लोकसभा चुनावों में अयोध्या वाली फैजाबाद सीट भारतीय जनता पार्टी हार गई। इस कड़ी में कोर मुद्दे से जुड़े इलाके जम्मू-कश्मीर में बीजेपी को चुनावी बढ़त ना मिलना, पार्टी के लिए तीसरा झटका कहा जा सकता है।



जम्मू-कश्मीर में जिस नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है, उसका चुनावी वादा है कि राज्य की पुरानी स्थिति बहाल करेंगे यानी अनुच्छेद 370 को फिर से प्रभावी बनाएंगे। यह बात और है कि इस महत्वपूर्ण अनुच्छेद की बहाली जम्मू-कश्मीर की आधी-अधूरी विधानसभा के वश की बात नहीं है। लेकिन इस जीत के जरिए नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस नैतिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाने की कोशिश तो जरूर ही करेंगी। इसका उसे राष्ट्रीय फायदा भले ही न मिले,लेकिन केंद्रीय सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परेशानी खड़ी करने का जरिया वे बनाते रहेंगे। वैसे भी भारत की राजनीति आज जिस मुकाम पर है, उसमें राजनीतिक दलों को सिर्फ अपने सियासी स्वार्थ और फायदे की चिंता है। उनकी प्राथमिकता में राष्ट्र बाद में आता है। इसलिए अंदरूनी मुद्दों को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उछालने में दलों को कोई हिचक नहीं होती। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के लंदन और अमेरिका के भाषण इसके उदाहरण हैं।

दुनिया में भारत का दबदबा भले ही बढ़ रहा हो, भारत तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था भले ही हो, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ ताकतें ऐसी भी हैं, जो भारत में उथल-पुथल देखना चाहती हैं। इसके लिए वे अपने तईं प्रयास भी करती रहती हैं। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन की जीत को ये ताकतें बहाना बनाएंगी और यह नैरेटिव स्थापित करने की कोशिश करेंगी कि जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति उसकी अवाम को ही स्वीकार्य नहीं है। इस बहाने घूम-फिरकर उसी तर्क को बढ़ावा दिया जाएगा, जो पाकिस्तान देता रहा है। जिसकी वकालत नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जैसे दल भी करते रहे हैं। पाकिस्तान कश्मीर को लेकर जनमत संग्रह की बात करता रहा है तो नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी प्रकारांतर से पाकिस्तानी मंशा को ही आगे बढ़ाते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में भाजपा की चुनावी जीत ना मिलने के बाद वे फिर भाजपा के नजरिए को गलत साबित करने की कोशिश करेंगे ।

जम्मू-कश्मीर के चुनावी अभियान के दौरान विशेषकर कश्मीर घाटी के वोटरों के जो विचार सामने आ रहे थे, उससे ऐसे ही चुनाव नतीजों की उम्मीद थी। जिस घाटी में पत्थरबाजी रूक गई, जहां आतंकी घटनाओं पर लगाम लग गई, जहां ढाई दशक से पहले की तरह पर्यटकों की आमद बढ़ी, जहां अमन बढ़ा, वहां के लोग खुलकर कहते रहे कि उन्हें हिंदू राज नहीं चाहिए। नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकार की वजह से उन्हें ये सारी सहूलियतें मिलीं, राज्य में बदलाव आया। विकास की नई बयार बही। फिर घाटी के लोगों को ना तो नरेंद्र मोदी पसंद हैं और ना ही भारतीय जनता पार्टी। फिर कश्मीर घाटी में नवगठित विधानसभा की 47 सीटें आती हैं, जबकि जम्मू इलाके में 43 सीटें हैं। घाटी की सीटों पर भाजपा की चुनावी संभावनाओं की कोई उम्मीद भी नहीं लगाए हुए था। वैसे भी घाटी की 28 सीटों पर बीजेपी ने अपने उम्मीदवार भी नहीं दिए थे। जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय का आंदोलन जिस प्रजा मंडल ने चलाया, उसका आधार जम्मू इलाके में ही रहा। वह एक तरह से भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ का ही हिस्सा था। देश मान कर चल रहा था कि जम्मू इलाके की 43 सीटों में ज्यादातर पर बीजेपी की जीत होगी। लेकिन वहां बीजेपी 29 सीटें ही जीत पाई। जाहिर है कि 14 सीटों पर उसे हार का सामना करना पड़ा। वैसे बीजेपी का एक धड़ा मान रहा है कि पार्टी की आपसी गुटबाजी और गलत टिकट बंटवारा पार्टी की सफलता की राह में बाधा बन गया। वैसे पार्टी के लिए संतोष की बात यह भी है कि घाटी की कई सीटों पर उसके उम्मीदवार हजार-दोहजार वोटों के ही अंतर से हारे हैं...फिर भी बीजेपी को सोचना होगा कि आखिर उससे चूक कहां हुई कि अपने गढ़ में वह शत-प्रतिशत सफलता हासिल क्यों नहीं कर पाई। वैसे बीजेपी इस बात से राहत की सांस ले सकती है कि हरियाणा में वह धमाकेदार जीत के साथ वापस लौट रही है।

# भा.ज.युवा मोर्चा का सदस्यता अभियान का प्रारंभ मां चंडी दाई मंदिर में पूजा आरती के साथ प्रारंभ हुआ

## जिला स्तरीय सदस्यता अभियान का रथ यात्रा प्रारंभ....



**जांजगीर चांपा।** सदस्यता रथ यात्रा जिले के केरा में मां चंडी दाई मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात जिला स्तरीय सदस्यता रथ यात्रा को प्रारंभ किया गया। युवा मोर्चा के सभी मंडलों के कार्यकर्ताओं ने रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया।रथयात्रा में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल,जिला सदस्यता रथ यात्रा के प्रभारी अनमोल झा,प्रदेश के उपाध्यक्ष जितेंद्र देवांगन,जिला अध्यक्ष मुकेश जायसवाल,जिला के महामंत्री चिराग केशरवानी,जिला उपाध्यक्ष एवं केरा सरपंच लोकेश शुक्ला,जिला सह कार्यालय प्रभारी प्रदीप रेलथोर तथा बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थेद्य

इस अवसर पर गुलाब चंदेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा महत्वपूर्ण योगदान निभा रही है भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला सदस्यता प्रभारी अनमोल ने बताया कि प्रदेश वर्ग के बीच स्थान से रैली निकालकर अधिक से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जा रही है द्यप्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र देवांगन ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर लोगों से मिलकर उनकी सदस्यता कर रहे हैं द्य जिला अध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने बताया कि जिला स्तरी रथ यात्रा में भाजपा 4000 लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाएगी यात्रा के पहले दिन पामगढ़ विधानसभा के प्रमुख स्थान कर शिवरीनारायण खरड़ राहोद पामगढ़ तथा मुरमुरा के प्रमुख स्थानों पर यात्रा को ले जाया गया तथा भारी संख्या में युवाओं माता बहनों से संपर्क किया गया। जिला स्तरीय रथ यात्रा के शिवरीनारायण पहुंचने पर शिवरीनारायण मंदिर दर्शन करने आए एवं मां दुर्गा के पंडाल के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं एवं विभिन्न व्यापारियों का सदस्यता कराया गया।

यात्रा के राहोद पहुंचते ही पामगढ़ मंडल के कार्यकर्ताओं ने रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया जिसमें यात्रा प्रभारी मनोज घोष एवं मंडल अध्यक्ष गयाराम चंदेल ने यात्रा की मेजबानी करते हुए विभिन्न चौक चौराहा पर खड़े होकर सदस्यता कराया। पामगढ़ मंडल के पश्चात रथ यात्रा को मूलमुला मंडल ले जाया गया जिससे जिसमें मुलबुला मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह ने गांव गांव के दुर्गा पंडाल पर जाकर आम युवाओं का सदस्यता कराया। उक्त जानकारी भाजपा के मीडिया सह प्रभारी पंकज चीनू अग्रवाल ने जानकारी दी है ।

# ग्राम कामठी शिव मंदिर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा का पूजा अर्चना कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा



**कवर्धा ।** पंडरिया विधानसभा के ग्राम कामठी शिव मंदिर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा पूजा में शामिल होने पहुँचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंदिर प्रांगण स्थापित माँ दुर्गा का पूजा कर आशीर्वाद लिया । उन्होंने इस अवसर पर कहा माँ दुर्गा समस्त ग्राम वासियों को सुख समृद्धि प्रदान करें । आपको बता दे कुछ दिवस पूर्व ग्राम कामठी में मूर्ति स्थापना को लेकर दो पक्षों में विवाद सामने आया था इस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कोई विवाद की स्थिति नही है आज परिसर में सभी मंदिरों में जाकर हमने पूजा अर्चना की है । कैसे कोई किसी को पूजा करने से रोक सकता है यदि रोका जाता है तो यह गैर कानूनी है । गाँव मे सभी समाज के लोग मिलजुलकर अपनी पूजा अर्चना करते रहे है । कुछ ऐसे लोग विगत वर्षो में क्षेत्र में सक्रिय रहे है जो समाज मे मतभेद पैदा कर दूसरी दिशा में ले जाना चाहते थे । आज गाँव में सभी वर्गो के समाज प्रमुख,सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष , विकास मरकाम जी अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष,केंद्रीय प्रतिनिधि व पंडरिया राज परिवार के उपस्थिति में सभी मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना किये है । मंदिरों में नाम बदलना प्रक्रिया हुई है तो यह भी गलत है । मंदिर में सबको पूजा अर्चना करने का अधिकार है । ये विरोध करने वाले वही लोग है जो लोगो को अलग दिशा में ले जाना चाहते है वही राष्ट्र विरोध की दिशा में फ़िर धर्म विरोध की दिशा में ले जाने का प्रयास करते है। इसे अलग दिशा में ले जाने का सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में तनाव बनाने का प्रयाश उचित नही है । प्रशासन का काम है समाज के निर्देशों का पालन करना । प्रशासन अपना काम करेगा किसी को भी किसी का पूजा रोकने का अधिकार नहीं है ।विधायक पंडरिया भावना बोहरा,जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट,महामंत्री संतोष पटेल, उपाध्यक्ष कैलास चंद्रवंशी, मनीराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# जीआर इन्फ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड बेस कैम्प से चोरी करने वाले आरोपी ......



**जांजगीर चांपा।** बलोदा चिमन लाल निवासी जी0आर0 इन्फ्रा बेसकैंप बलौदा थाना बलौदा में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3-4 गार्ड के साथ पेट्रोलिंग सुरक्षा डियुटी पर थे। डियुटी के दौरान कंपनी के स्टोर गोदाम तरफ घुमते हुए गये तो देखें कि गोदाम का पीछे तरफ से चादर सीट उखडी हुई थी। तभी सभी कर्मचारी आसपास देखें तो दो व्यक्ति गोदाम स्टोर से पेंट की 05 बाल्टी, बैरिंग 5 पीस, डबलवार एलईडी लाईट को लेकर भाग रहे थे। जिसे दौडाकर पकडा गया और पुछताछ करने पर अपना नाम भूपेन्द्र बंजारे एवं सुनील पाटले निवासी ठडगाबहरा बताये। जिसके संबंध में सूचना कंपनी की लाईजनिंग मैनेजर पुष्पराज सिंह को दिया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में थाना बलौदा पुलिस द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया गया। आरोपी को हिरासत में लेकर पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया। जो चोरी की सामान को अपने अन्य साथीयों के साथ मिलकर चोरी करना एवम मोटर सायकल व स्कुटी से सामान को अपने साथियों के घर छिपा कर रखना बताये। पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया तथा चोरी किये गये पेट 05 बाल्टी, 09 नग डबलवार, एलईडी लाईट, 08 बंडल जीआई तार एवं लोहे का राड एवं चोरी में प्रयुक्त दो मोटर सायकल एक स्कुटी को बरामद किया गया।

# नवजात शिशु की मौत परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप






**बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर अस्पताल कुप्रबंधन के कारण हमेशा चर्चा में बना रहता है। आए दिन मरीजों की मौत एवं रेफर सेंटर के लिए प्रसिद्ध जिला अस्पताल खुद बीमार है स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। अस्पताल के हालात हैं कि सुधरने का नाम नहीं ले रहा। एक ऐसा ही मामला जिला अस्पताल में नवजात शिशु की मौत का है। अस्पताल प्रबंधन के लापरवाही के कारण एक नवजात शिशु की मौत हो गई। शिशु की मौत पर परिजनों ने डाक्टर एवं नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाया है। आपको बता दें कि बच्चे के पिता कमलेश्वर सिंह पिता गुलाब सिंह निवासी पोस्ट मुरमा थाना पटना ने बताया कि दिनांक 08.10.24 को बच्चे का डिलिवरी हुआ बच्चा बिल्कुल स्वस्थ्य था। बच्चे को आईसीयू में रखकर देखभाल किया जा रहा था। दिनांक 10.10.24 को बच्चे को सुबह 06 बजे दूध पिलाने के लिए बच्चे की मां ने बच्चे को गोद लिया तो बच्चे की मृत्यु हो चुकी थी। एवं बच्चा बिल्कुल गर्म हो गया था। प्राथी ने लिखित आवेदन पत्र देकर थाना बैकुंठपुर में शिकायत दर्ज कराई है एवं जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई

।भाजयुमो जिलाध्यक्ष अध्यक्ष ने इस मामले में परिजनों को सांत्वना दी नवजात शिशु की मौत मामले में परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया साथ ही सिटी कोतवाली में तहरीर देकर जांच की मांग की गई?। इस पूरे मामले में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह ने परिजनों को सांत्वना दी एवं लापरवाही पूर्वक बच्चे की मृत्यु पर अस्पताल प्रबंधन पर सवाल खड़े किए। आखिर जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कब बंद होंगे आए दिन मरीजों की मृत्यु पर विराम कब लगेगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने इस मामले में परिजनों को पूरी मदद का आश्वासन देने के साथ निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### सीएमएचओ ने मामले को संज्ञान में लेकर शुरू किया जांच

*जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रशांत सिंह ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दिया है। नवजात शिशु की मौत पर सीएमएचओ ने पीएम उपरांत जांच कर विधिक कार्रवाई करने की बात कही।*

# जिले में पांच महतारी सदन निर्माण हेतु राज्य शासन ने दी स्वीकृति



**रामानुजगंज ।** जिले के बलरामपुर विकासखंड के ग्राम महराजगंज, रनहत,पस्ता-पाढ़ी और डौरा तथा विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के ग्राम त्रिकुण्डा में महतारी सदन निर्माण हेतु सुकृति प्रदान की गई है जिसकी लागत 1.23 करोड़ रूपए बताई जा रही हैं। व्ही प्रत्येक महतारी सदन निर्माण की लागत 24 लाख 70 हजार रूपए है। इस सदन के निर्माण हेतु विधायक राम विचार नेताम के द्वारा राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया था जिसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

# कठिया में जिला प्रभारी ने जन्मदिन पर किया पौधारोपण



**बेमेतरा।** पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के जिला प्रभारी लक्ष्मीनारायण साहू के जन्मदिन के अवसर पर कठिया के मुक्तिधाम में बरगद, पीपल, कनेर का पौधा लगाया गया। हमें पर्यावरण को सुरक्षित करना भरपुर प्रयास करना चाहिए ताकि आने वाले को देखते हुए जिसमें अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सचिव गणेश कुमार साहू, किशन साहू, विजय निषाद, रामकृष्ण सेन उपस्थित थे।

# सुनील निहोरे का भजन जगराता में विजय सिन्हा पहुंचे



**बेमेतर।** जय श्री राम दुर्गौशोत्सव समिति के द्वारा आयोजित सुनील शिहोरे द्वारा भजन जगराता आयोजन में शामिल होकर माता जी का जगराता सुनने का अवसर मिला जय श्री राम दुर्गाउत्सव समिति के सदस्यओ का दुर्गा माँ की दिव्य तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा आचार्य पंडित शास्त्री त्रिलोकी महराज विजय सिन्हा ने समिति के सदस्यो की जमकर तारीफ की कहा गणेश उत्तस्व के बाद माता जी का भव्य दरबार सजाना और रंगा रग बड़े बड़े आयोजन करना आयोजन को सफल करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस आयोजन के लिए समिति के मुखिया नीलू प्रवीण राजपूत जी गिरीश गबेल जी विकाश तिवारी अजय शुक्ला गोलू कोशले रानू वर्मा प्रांजल गौतम दिलीप पटेल मुकेश ठाकुर संतोष साहू चदन सोनी शेखर राजपूत रामेश्ववर साहू छोटा देवागन सुनील सवाल धरेन्द्र पाल शुभम देवागन वतन राजपूत तेजेश्वर राजपूत राहुल राजपूत हेमंत वर्मा कृपाल शेन घनश्याम यदु ओम निर्मलकर वैभव तम्बोली अजय सोनी पुष्प राज भुवाल जीवेन्द्र तिवारी अतीत मिश्रा अमन राजपूत दादू पटेल रवि वर्मा दीपक साहू प्रदीप मानिकपुरी जितेंद्र पटेल कान्हा बिरेन्द्र पटेल भानु प्रताप गुप्ता विकाश शुक्ला भाजपा नेता विकाश तम्बोली नेता पूर्व एल्डरमेन गौरव साहू डॉ नरेश साहू जी सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# 20 से अधिक गांवों में नवरात्रि में मुख्य अतिथि बनें योगेश तिवारी



**बेमेतर।** नवरात्रि का पावन पर्व पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश समेत बेमेतरा जिले में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। जगह-जगह भव्य झांकियों और जगराता कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इस वर्ष इन कार्यक्रमों की विशेषता यह है कि सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा के किसान नेता योगेश तिवारी को प्रमुख अतिथि के रूप में आमंत्रित हुये। योगेश तिवारी अब तक बेमेतरा जिले के 20 से अधिक गांवों का रोज दौरा कर रहे हैं, जहां उन्होंने माँ दुर्गा के पंडालों में और माँ मावली माता और माँ शीतला माताओं का दर्शन कर ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। योगेश तिवारी बेमेतरा विधानसभा के नगर पंचायत बेरला, ग्राम पंचायत दारगांव, ग्राम लाटा, ग्राम हरदी (भिंभौरी), ग्राम हरदी (माटरा), ग्राम छोटे भिलौरी, ग्राम बड़े भिलौरी, ग्राम गोडगिड़ी, ग्राम पेंड्रीतराई, ग्राम कुरूद सहित कई अन्य गांवों में आयोजित जगराता और झांकी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इन कार्यक्रमों में शामिल होकर उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद किया और क्षेत्र की समृद्धि एवं विकास के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। तिवारी के इस सक्रिय दौरे से क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता और जुड़ाव को और मजबूती मिली है। बेमेतरा जिले में योगेश तिवारी का ग्रामीणों के बीच काफी लोकप्रियता है। वे लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करते रहते हैं और लोगों की समस्याओं को सुनते हैं। इन कार्यक्रमों में मंशीज शर्मा, रितेश सिन्हा, संजीव साहू, आयुष जैन, गीतेश ताम्रकार, तेजस सुराना, हर्षद सुराना, छगनलाल सिन्हा, महेश साहू, ललित कोचर, महेंद्र भट्ठर, वेदप्रकाश चौहान, अजय जैन ब्रिजेश शर्मा, बच्चन साहू, दाऊराम यादव, जयकिशोर वैष्णव, टिकुराम साहू, नागेश्वर धीवर, युवराज साहू, नीलकंठ साहू, विकाश यादव, रामरतन साहू, प्रहलाद यादव, विक्रम यादव, टेकराम सिन्हा, अशोक पटेल, मनहरण पटेल, अवध पटेल, माखन पटेल, रामप्रकाश पटेल, मनोहर यादव, महावीर पटेल, भक्तु साहू, चेतन साहू, गौकरण साहू, अशोक साहू, भोलाराम साहू, उत्तम साहू, टोमन साहू, प्रकाश साहू, बेनीराम साहू, भुनेश्वर साहू, बंकट निषाद, अंशु साहू, रामचरण साहू, दुकालू साहू, प्रकाश साहू, कुमार यादव मालिक निषाद, नेहरू साहू, धनेश्वर साहू, ईशुराम साहू, डागेश्वर वर्मा, विश्राम साहू, दीनदयाल साहू, राजेश पाल, भूलूराम वर्मा, गायत्री वर्मा, भूपेंद्र साहू, कौशल वर्मा, गैंदू निर्मलकर, संतकुमार जांगड़े, नारायण वर्मा, सुरेंद्र यादव, भागवत वर्मा, संतराम निर्मलकर, सुनील देशलहरा, तुकाराम साहू, विश्राम पाल, उभय पाल, दयाराम निषाद, चंद्रावली निषाद, रामसती यादव, धनंजय निषाद, थानशिंग निषाद, दीपक निषाद, विष्णु, मोतीराम निषाद, भुनेश्वर, गुमानु पाल, भुनेश्वर निषाद, मनीदास मानिकपुरी, धनीराम निषाद तथा मोती निषाद उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने आकांक्षा आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को बताए जेईई-नीट परीक्षा की तैयारियों के गुर

# समय का सही प्रबंधन करने से मिलेगी सफलता : कलेक्टर

### एन आई टी रायपुर के पोल स्टार्स ने किया संवाद, सलेक्शन की दिखाई दिशा





**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर श्र आकाश छिकारा के निर्देशन में एन आई टी रायपुर के छात्रों ने आज आकांक्षा आवासीय विद्यालय में जेईई व नीट की तैयारी कर रहे बच्चों से संवाद किया। कार्यक्रम में कलेक्टर आकाश छिकारा स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने नीट व जेईई एस्पिरेंट्स से मुलाकात कर उनकी पढ़ाई के बारे में चर्चा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि समय का सही प्रबंधन करने से सफ्लता जरूर मिलती है, इसलिए लगातार तैयारी करते रहे। उन्होंने पढ़ाई व तैयारी में आ रही समस्याओं के बारे में विद्यार्थियों से जानकारी भी ली। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कहा कि समय के साथ किए गए प्रबंधन पढ़ाई में बहुत आगे ले जाते है। सिलेबस से संबंधित कोई भी समस्या आने पर टीचर से प्रश्न करें और सॉल्यूशन के बारे में विस्तार से जाने।कलेक्टर ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के संबंध में सभी टॉपिक के अधिक से अधिक वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को हल करने, टॉपिक की विस्तार से समझने कहा। उन्होंने शिक्षकों को सिलेबस का शेड्यूल पूरा करने कहा। उन्होंने शिक्षकों को थ्योरी को पढ़ाने के बाद उससे संबंधित प्रश्न भी कराने व पढ़ाये टॉपिक से संबंधित प्रश्नों का प्रतिदिन होमवर्क देने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि पिछले वर्षो के प्रश्नो का लगातार अभ्यास करते रहें। उन्होंने छात्रों से सभी चेप्टर से अधिक से अधिक प्रश्न अभ्यास करने कहा। कलेक्टर ने परीक्षा में सफ्लता के टिप्स भी दिये और बताया कि तैयारी के दौरान समय समय पर होने वाले मॉक टेस्ट, कोचिंग संस्थाओं के विशेषज्ञों द्वारा तैयार टेस्ट पेपर, रिवीज़न का महत्व को बताया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने कहा कि आज के समय में उच्च शिक्षा को लेकर चुनौतियां बहुत है कि इसलिए जरूरी है कि पढ़ाई के लिए तनाव नहीं लेना है, बल्कि अच्छे से उस विषय की तैयारी करना है और समय का सही प्रबंधन करना है। डिप्टी कलेक्टर श्री सुमित बघेल, श्री विक्रांत साहू, श्री दीपक यादव, शिक्षकगण सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**एन आई टी रायपुर के पोल स्टार्स ने किया संवाद -** जिला प्रशासन द्वारा जिले के चयनित 11 वीं, 12 वीं के छात्र छात्राओं को दो वर्षीय पाठ्यक्रम सहित एवं ड्रॉपर बैच को नीट व जेईई की निःशुल्क आवासीय तैयारी कराई जाती है। इन्हें विनोबा पोल स्टार्स कार्यक्रम में जिले के लिए एन आई टी रायपुर के छह छात्रों को चुना गया है। जो आकांक्षा के छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन करेंगे।




**अगर आप अधिक मात्रा में इत्र का इस्तेमाल कर रहे हैं तो सावधान हो जाइए। ज्यादा इत्र के लगाने से आप अवसाद के शिकार भी हो सकते हैं।**

# अधिक इत्र से अवसाद

इत्र के अधिक इस्तेमाल से आप जल्द बीमार पड़ सकते हैं। इत्र से न केवल तनाव और अवसाद (डिप्रेशन) की स्थिति उत्पन्न होती है, बल्कि सूंघने की शक्ति में भी कमी आती है।

**करते थे इत्र से स्नान :** इतिहास में इत्र की सबसे बड़ी दीवानी मेरी एन्टोयनेट अपने कभी ना नहाने के कड़वे सच को छुपाने के लिए इत्र लगाकर अपना सारा वातावरण सुगंधमय बना लेती थी। यूरोप में स्नान करना उस समय कोई आसान बात न थी। इसलिए इत्र ही सफाई और सुगंध के लिए एक सुविधाजनक था।

**सूंघने की शक्ति में कमी :** इत्र आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बनते जा रहे हैं, लेकिन मध्यपूर्व के एक विश्वविद्यालय के एक ताजे शोध के अनुसार यह सत्य हाल ही में सामने आया कि एक विशेष रूप के अवसाद से सूंघने की शक्ति में कमी आती है, जिसके कारण लोग ज्यादा या तेज इत्र का प्रयोग करते हैं। जब किसी तेज इत्र की खुशबू आपके नथुनों से टकराए तो आप संदेह कर सकते हैं कि यह व्यक्ति तनाव या अवसाद का शिकार है। यूएई में स्थित स्विस एरेबियन परफ्यूम नामक कंपनी के चेयरमैन हुसैन अदमाली के अनुसार अलग प्रकार की सुगंध से विभिन्न लोगों की मानसिक स्थिति में परिवर्तन होता है। हालांकि यह बात निश्चित रूप से नहीं कही जा सकती कि इत्र का अवसाद से कोई संबंध है या नहीं, पर इत्र की सुगंध मन की भावनाओं पर असर तो जरूर डालती है।

**सुगंध की शक्ति :** यदि आप नाक बंद कर के कोई चीज खाएं तो निश्चित है कि आप उसका पूरा आनंद भी नहीं ले पाएंगे। सुगंध में वह शक्ति है कि वह किसी भी अनुभव को प्रभावित तो करती ही है और बेहतर भी बनाती है। पर इस सबकी वैज्ञानिक व्याख्या के लिए अभी बहुत अध्ययन की आवश्यकता है। अब उपभोक्ताओं को भी बंधी बंधाई परिपाटी से बाहर निकलकर इत्र का चुनाव करते समय जागरूक होने की आवश्यकता है, क्यों कि अलग-अलग व्यक्तियों के शरीर के पर सही इत्र का चुनाव वैयक्तित्व में आत्मविश्वास की वृद्धि करता, जो दूसरों की दृष्टि में उसे अधिक लोकप्रिय बनाता है। अनेक इत्र ऐसे आकर्षक होते हैं कि उनकी सुगंध लोगों को पलटकर देखते पर विवश कर देती है।

**ज्यादा फुहारें नुकसानदायक :** अच्छे से अच्छा इत्र भी दो तीन छोटी फुहारों से अधिक नहीं छिड़कना चाहिए। अगर इसके बाद भी आपको लगता है कि और इत्र होना चाहिए तो किसी विश्वासपात्र व्यक्ति से पूछा जा सकता है कि और इत्र की आवश्यकता है या नहीं।

# विलसन डिजीज से होता है पढ़ाई में चिड़चिड़ापन

**यदि आपके बच्चे का पढ़ाई-लिखाई में मन नहीं लग रहा है, उसमें चिड़चिड़ापन आने लगा है तो आप इसे हल्के से नहीं लें। हो सकता है कि उसे विलसन डिसीज हो गई हो। प्रदेश में लगभग आठ प्रतिशत बच्चे इस बीमारी से पीड़ित हैं।**


न्यूरोलॉजिस्ट सैमुअल अलेक्जेंडर विलसन ने 1912 में इस रोग का पता लगाया था। तभी से इस बीमारी को नाम मिला। मस्तिष्क व लीवर के ऊत्तकों (टिश्यू) में मौजूद एटीपी-7 बी नामक जीन (जो कि एक प्रोटीन होता है) के विभाजन (म्यूटेशन) के कारण यह बीमारी होती है। यानी भोजन के साथ शरीर में पहुंचने वाला तांबा तत्व ठीक से नहीं घुल पाता और ऊतकों में जमा हो जाता है।

## संतान में संभावना

इस जीन की एक असामान्य कॉपी 100 में से एक मनुष्य में मौजूद रहती है। इस बीमारी के लक्षण माता-पिता में तो नहीं दिखाई देते, पर वे वाहक (कैरियर) बन जाते हैं और बच्चों में 6 से 20 की उम्र में लक्षण उभर जाते हैं।

## कॉपर बढ़ना है कारण

यह बीमारी शरीर में कॉपर की मात्रा बढ़ने से होती है, इसलिए बच्चे को चाकलेट व बादाम नहीं देना चाहिए। विलसन डिसीज होने पर यदि समय पर रोगी का उपचार नहीं किया गया तो इससे लीवर और आंखों को क्षति पहुंच सकती है। इसका इलाज अभी महानगरों में मौजूद है। बच्चे में कॉपर की मात्रा बढ़ने से उसमें पढ़ाई के प्रति उकताहट होने लगती है, किसी अन्य काम में भी उसका मन नहीं लगता, इसलिए बेहतर है कि उसे चाकलेट खाने को नहीं दिया जाए।






## कंधों-बांहों में दर्द का कारण
# रोटेटर कफ इंजरी

चार पेशिया कंधे की हड्डी और पसलियों की मांसपेशियों को ऊपरी बांह की हड्डी के साथ जोड़ती हैं, क्योंकि ये पेशियां बांह को उसके कोटर के भीतर घूमने में मदद करती हैं, इन पेशियों के आस्तीन को रोटेटर कफ कहा जाता है।

## रोटेटर कफ पेशियां


रोटेटर कफ में पेशियां आसानी से घायल हो सकती हैं, क्योंकि ये एक तंग जगह के भीतर घूमती हैं। जब कंधे को उसके घुमाव की प्राकृतिक सीमा की हद में मोड़ा या उठाया जाता है, इस तंग जगह में पेशियां भी घूमती हैं। कभी कभी रोटेटर कफ की पेशियां उसके ऊपर के हड्डीदार लौंदे (अंशकूट) या कंधे के सामने एक अस्थिबंध से टकरा या रगड़ खा सकती हैं। इस घर्षण को इंमपिंजमेंट सिंड्रोम के नाम से जाना जाता है और रोटेटर कफ में सूजन का कारण बनता है। रोटेटर कफ घर्षण की सूजन पैदा करने की सबसे ज्यादा संभावना होती है। यदि आपके कंधे का घुमाव कठिन या दोहरावदार है। सूजन तीन समस्याएं पैदा कर सकती है :

## रोटेटर कफ टैंडोनाइटिस

अकेली पेशी की सूजन विशिष्ट घुमाव में दर्द उत्पन्न करती है, जब मांसपेशी जो उस पेशी को खींचती है, उपयोग हो रही है या जब आप ऊपर की ओर पहुंच रहे हैं।

## शोल्डर बर्साइटिस

उप-अंशकूटीय बरसाइटिस भी कहते हैं। बरसाइटिस तब होता है जब सूजन तरल पदार्थ, जो रोटेटर कफ की पेशियों को चिकना करता है और खंड तक फैल जाती है। दर्द अक्सर रात में और बुरा होता है, जब आप लगभग किसी भी दिशा में अपना कंधे ले जाते हैं, खासकर यदि आप ऊपर की ओर ले जाते हैं।



## रोटेटर कफ टियर

- सूजन के कारण कमजोर हो जाने के बाद पेशी टूट सकती है।
- कंधे के इस्तेमाल के कई प्रकार सामान्यत: रोटेटर कफ की वजह से होते हैं :

## अपने हाथों से धक्का देना

घुटने के गठिया, टांगों में अन्य दर्दनाक स्थितियां, या जांघों में कमजोर चतु:शिरस्क पेशियों द्वारा पीड़ित लोग अपने हाथों से धक्का देकर क्षतिपूर्ति करते हैं, जब वे कुर्सी से उठते हैं। कंधे इस प्रयोग के लिए नहीं बनाए गए हैं। धक्का देने के दौरान, कंधे की कोटर और प्रगंडिका एक उल्टी मोरटार और मूसल जैसे काम करती हैं, रोटेटर कफ पेशियों को कुचलते और पीसते हुए। फैलाए हुए हाथ के बल गिरते हैं, सीधे वाहन दुर्घटनाओं और खेलों में टक्कर भी पेशियों को कुचल सकती हैं।

## पुनरावृत्तीय फैलाव

ऊपरी हाथों की स्थिति तंग जगह जिनसे रोटेटर कफ पेशियों को निकलना होगा, को छोटा कर देती हैं। पुश अप, तैराकी, घर की सफेदी, घिसना, भवन निर्माण करना, ऑटो मैकेनिक का काम और अन्य गतिविधियां रोटेटर कफ की चोट का कारण हो सकती हैं।

## सशक्त या आकस्मिक ऊपरी बांह का घुमाव

टियर्स विशेष रूप से फेंकने वाली खेलों, रैकेट खेल और कुश्ती के खिलाड़ियों में आम हैं। अचानक संचलन, जैसे एक लॉन की घास काटने की मशीन शुरू करने के लिए खींचना, एक कमजोर पेशी को तोड़ सकता है। इसके अलावा आपका कंधा और आसानी से घायल हो सकता है अगर यह अस्वस्थ है। संकीर्ण जगह जो रोटेटर कफ पेशियों को घेरती है और भी संकीर्ण हो जाता है। अगर आपके कंधे की मांसपेशियां कमजोर या तंग हैं जब ऐसा होता है। दैनिक कंधे के संचलन की अधिक पेशी घर्षण पैदा करने की संभावना है।

## रोटेटर कफ इंजरी की चिकित्सा

कंधे में टैंडोनाइटिस, बरसाइटिस और छोटे रोटेटर कफ टियर्स का प्रभावी रूप से कोर्टिकोस्टेरॉयड दवा की सुई के साथ इलाज किया जा सकता है। इसके बाद कंधे की गति को पुन:संचलन में लाने और रोटेटर कफ की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए भौतिक चिकित्सा के व्यायाम किए जाते हैं। नॉन स्टैरोइडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स (एनएसए आईडी) जैसे आइबुप्रोफेन (एडविल, मोट्रिन और अन्य) दर्द और सूजन को कम करने में उपयोगी होती हैं। अगर आपका चिकित्सक पता लगाता है कि आपको कैल्सिफिक टैंडोनाइटिस है, तब डॉक्टर इस बीमारी का इलाज शुरू करता है। प्राय: दोहराती रोटेटर कफ की चोटों या रोटेटर कफ पेशी में बड़े चीरों के लिए सर्जरी आवश्यक हो सकती है।

## रोटेटर कफ इंजरी का निदान

रोटेटर कफ की चोट का आमतौर पर शारीरिक परीक्षण द्वारा निदान किया जाता है। आपका चिकित्सक आपकी बांह कंधे से घुमाएगा और फिर आपकी बांह ऊपर उठाएगा। अगर ऐसी गति से दर्द होता है, रेटेटर कफ सूजा हो सकता है। अगर आपकी कमजोरी ध्यान देने योग्य है, तो आपको रोटेटर कफ टियर की जांच के लिए और परीक्षण कराने की जरूरत है। आपकी मांसपेशियां जो दर्द के कारण जवाब दे रही हैं, उनसे पेशी की वास्तविक कमजोरी में अंतर आपका चिकित्सक आपके कंधे में सुन्न करने वाली दवा डालकर कर सकता है। यदि टियर लग रहा है, एक चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग (एमआरआई) स्कैन या शोल्डर अर्थोनाम निदान की पुष्टि कर सकता है। आर्थोग्राम जोड़ों में डाई डालने के बाद कंधे का लिया एक एक्सरे है। कंधे के एक्सरे की हमेशा जरूरत नहीं होती, लेकिन ये मददगार है यदि आपके कंधे को आघात पहुंचा है या आपका चिकित्सक आपकी गति की पूरी सीमा तक आपका कंधा नहीं घुमा सकता। यदि आपके लक्षण सफल उपचार के बाद वापसी कर रहे हैं या जा नहीं रहे, आपका चिकित्सक एक्सरे का आदेश दे सकता है। कभी कभी सूजी हुई पेशी पर कैल्शियम तलछट बनते हैं, जो कैल्सिफिक टैंडोनाइटिस नामक स्थिति उत्पन्न करते हैं।

## रोटेटर कफ इंजरी के लक्षण

रोटेटर कफ की चोटें आपके कंधे और ऊपरी बांह में दर्द का कारण उत्पन्न करती हैं। दर्द सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण तब हो सकता है, जब आप अपने हाथ ऊपर या बाहर फैलाते हैं। जब आप अपने हाथ उठाते हुए घुमाते हैं, पेशियों की आसपास के ढांचों से रगड़ने की अधिक संभावना है। इस कारण जब आप अपने बालों में कंघी करने या अपनी बांह आस्तीन में डालने की कोशिश करते हैं, आपके कंधे के लक्षण सबसे बुरे हो जाते हैं। रात में आपको क्षीण, दुखता हुआ कंधे का दर्द हो सकता है। इसके अलावा रोटेटर कफ टियर्स जो पेशी के एक महत्वपूर्ण भाग को प्रभावित करते हैं, कंधे की कमजोरी उत्पन्न कर सकते हैं। आपकी बांह एक तरफ बाहर फैलाकर रखने की या कोई वस्तु उठाने की क्षमता को सीमित करते हैं। दर्द की वजह से कंधे का उपयोग करने में कठिनाई का मतलब हमेशा ये नहीं कि टियर है।



# शरीर भी आर्थिक स्थिति देखकर देता है साथ



**कहा जाता है कि बुरे समय में आपका सबसे अच्छा साथी आपका स्वास्थ्य होता है, लेकिन यह कहावत शायद पूरी तरह सच नहीं है, क्योंकि आपका शरीर भी आपकी आर्थिक स्थिति को देखकर आपका साथ देता है।**

**ब्रिटिश** वैज्ञानिकों के दल ने इस बात का दावा किया है कि लंबी आयु के लिए जिम्मेदार हार्मोन भी तभी आपका साथ देता है, जब आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होती है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं ने पाया कि लंबी आयु के लिए जिम्मेदार हार्मोन डीएचईएएस (डी हाइड्रोइपिएंड्रोस्टोरेन सल्फेट) की अधिकतम मात्रा याददाश्त को बढ़ाने, तनाव को कम करने में मददगार होती है और खासकर यह पुरुषों में पचास साल की आयु के दौरान काम करने लगता है।

## लंबी आयु के लिए जरूरी

शोध दल के प्रमुख सर माइकल ने बताया, मैं विश्वास से कह सकता हूं कि यह हमने पहली बार किया है। मेरा यह निजी तौर पर मानना है कि यह तनाव को कम करने का एक तरीका हो सकता है। आपके शरीर में हार्मोन डीएचईएएस (डी हाइड्रोइपिएंड्रोस्टोरेन सल्फेट) की अधिकतम मात्रा में मौजूदगी आपको लंबे समय तक जिंदा रखती है। गुर्दे के ऊपर स्थित एड्रीनल गंथि से स्रावित होने वाला यह हार्मोन उनमें अधिकतम मात्रा में पाया जाता है, जो ज्यादा व नियमित तौर पर व्यायाम करते हैं और ज्यादा खुशी, उत्साह, रोमांच और अपने दोस्तों व परिवार के साथ जिंदगी व्यतीत करते हैं। इस तरह का आरामदायक और विलासितापूर्ण जीवन जीना, तभी संभव है जब आपके पास अकूत धन हो।

## उम्र बढ़ने पर होता है स्रावित

उम्र को लेकर किए गए अध्ययन में यह बात सामने आई है कि एक दूसरा हार्मोन आईजीएफ (इंसुलिन लाइक ग्रोथ फैक्टर) भी उम्र बढ़ने के साथ कम मात्रा में स्रावित होने लगता है। ये दोनों हार्मोन सम्मिलित रूप में मिलकर तनाव की स्थिति को कम करते हैं। इसके साथ ही यह शरीर की अन्य जैविक गतिविधियों मसलन पाचन, प्रतिरक्षा तंत्र और ऊर्जा बनने की प्रक्रिया को नियंत्रित करने का काम करते हैं। इस प्रयोग को करने के लिए शोधकर्ताओं के दल ने करीब पचास साल की उम्र के 1000 व्यक्तियों के खून के नमूने प्राप्त कर यह निष्कर्ष निकालने में कामयाबी पाई। सर माइकल ने कहा, हमने स्पष्ट रूप से पाया कि कम धनी लोगों के बीच तनाव, मोटापा और अनियमित शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान की अधिकता तथा हरी सब्जियों और फलों का कम मात्रा में सेवन कुछ ऐसे कारक थे, जो उनके बीच मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या को उत्पन्न करने के लिए जिम्मेदार थे।

## हार्मोन को सीधा बढ़ाएंगे

शोधकर्ताओं के मुताबिक इस नए शोध के परिणाम की वजह से ऐसी दवाओं के निर्माण का रास्ता खुल गया है, जिसके जरिए हम शरीर में इस तरह के हार्मोन को सीधे बढ़ा पाएंगे। शरीर में इस तरह के हार्मोन के स्तर को बढ़ाने का मामला केवल कुछ गोलियां खाकर पूरा नहीं हो सकता। इस हार्मोन का स्राव बचपन और युवावस्था में काफी मात्रा में होता है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ ही इसके स्राव में गिरावट आने लगती है। अस्सी की उम्र में तो इसकी स्रावित मात्रा युवावस्था के मुकाबले में केवल दस प्रतिशत ही रह जाती है।

# अधूरी कार्रवाई...शासकीय जमीन बेचने वालों पर एफआईआर तक नहीं, रजिस्ट्री भी रद्द नहीं की

## सोमनी में फर्जी दस्तावेजों पर सरकारी जमीन बेचने का मामला

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत सोमनी के शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री की शिकायत में अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव द्वारा 11 माह बाद निर्णय में आबादी एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत जारी खाली पड़ी भूमि के पट्टों को निरस्त कर पंचायत के उपयोग के लिए आदेश जारी किया गया है। जबकि फर्जीवाड़े के आरोप में निलंबित पटवारी को पुनः बहाल कर दिया गया है। सवाल यह रहे हैं कि शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री में क्या बड़ा रैकेट काम कर रहा है, क्योंकि आज निलंबित पटवारी पुनः बहाल कर दिया गया। रजिस्ट्रार पर कोई जांच या कार्रवाई नहीं की गई। खरीदी-बिक्री करने वाले साफ निकल गए। सामने आए दलालों के नामों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिन जमीनों की रजिस्ट्री की शिकायत की गई, उनको निरस्त करने को लेकर भी आदेश में कोई उल्लेख नहीं है। ये सभी प्रश्न जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। सोमनी पंचायत द्वारा छत्तीसगढ़ पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से सामुदायिक भवन का निर्माण आरंभ करते ही



झारखंड निवासी संजय तापडिया द्वारा निर्माणाधीन भवन स्थित भूमि को अपने हक का दावा किए जाने पर यह जानकारी सामने आई कि शासकीय भूमि की रजिस्ट्री हो गई है। आनन-फानन में पंचायत और ग्रामीणों ने मिलकर तत्कालीन कलेक्टर से इसकी लिखित शिकायत की। तहसीलदार मनीष वर्मा ने राजस्व निरीक्षक और पटवारी की टीम बनाकर जांच की। जांच में पाया गया कि वास्तव में शासकीय भूमि की रजिस्ट्री की गई है। इसका उल्लेख तहसीलदार के प्रतिवेदन में है। तहसीलदार राजनांदगांव के प्रतिवेदन के आधार पर ही अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव अतुल श्रीवास्तव द्वारा 1 एकड़ 20 डिसमिल भूमि को पंचायत के उपयोग के लिए स्वतंत्र कर दिया गया है। पूर्व में जारी समस्त पट्टों को जो 25 से 30 वर्ष पर पूर्व जारी किए गए थे, उन्हें भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 243 सहपठित धारा 244 के अंतर्गत निर्मित नियमों के पालन नहीं किए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया है। भूखंड को मुक्त किया जाने का आदेश आने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि आखिर क्यूं इस फर्जीवाड़े को अंजाम देने वालों के खिलाफ एफआईआर नहीं की जा रही है। पूरे प्रकरण में सिर्फ पटवारी को निलंबित कर दिया गया। रजिस्ट्री को निरस्त करने हेतु निर्देश या आदेश भी जारी नहीं किए गए हैं। पूरे मामले में दलालों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर इस पूरे मामले को अंजाम दिया, उन पर भी किसी प्रकार की कारवाई अधिकारियों द्वारा नहीं की गई।

# ग्रामीण स्वस्थ अधिकारी के पद पर भर्ती के संबंध में अनियमितताओं को लेकर शिकायत किया

**मुंगेली।** विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत रात्रे के द्वारा अपर मुख्य सचिव स्वास्थ एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के नाम पर अवर सचिव मुकेश चैहान को मंत्रालय नवा रायपुर पहुंचकर जिला मुंगेली के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉक्टर प्रभात चंद्र प्रभाकर के द्वारा नियम विरुद्ध पदोन्नति करने एवं अपने करीबी लोगों को गलत तरीके से भरष्टचार कर ग्रामीण स्वस्थ अधिकारी के पद पर भर्ती के संबंध में अनियमितताओं को लेकर शिकायत किया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति में लेन-देन उनके द्वारा लेन देन कर आदेश जारी किया गया था। उपरोक्त अनुसार, डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति में पैसे का लेन-देन किया। यह मामला तब सामने आया जब कलेक्टर को इसकी शिकायत की गई। कलेक्टर ने इस मामले की जांच करवाई और पाया कि पदोन्नति आदेश नियमों के विपरीत जारी किए



गए थे। इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर पदोन्नति आदेश को तत्काल निरस्त कर दिया गया। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की नियुक्ति में धांधली भी किया गया है। एक और अन्य मामले में, डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर के द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की नियुक्ति में प्रतीक्षा सूची में पहले स्थान पर रहे उम्मीदवार को नजरअंदाज कर राजनांदगांव के एक अन्य उम्मीदवार को नियुक्त किया, जिसके लिए अवैध रूप से लेन-देन हुआ था। इस मामले में भी कलेक्टर की जांच के बाद नियुक्ति आदेश को निरस्त करना पड़ा। मामले की मांग और आगे की कार्रवाई इस पूरे प्रकरण को लेकर विधानसभा युवा कांग्रेस मुंगेली के निर्वाचित अध्यक्ष मंजीत रात्रे ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर के खिलाफ सख्त विभागीय जांच और उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस दौरान मुंगेली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत रात्रे ने कहा है की यह मामला अब प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया है और स्वास्थ्य विभाग की छवि को धक्का पहुंचा रहा है। इस मामल में तत्काल स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को तत्काल जांच कर उचित कार्यवाही करनी चाहिए क्योंकि एक तरफ हमारे पढ़े लिखे युवाओं को निश्चित रूप से इससे न्याय मिले और उनके सुनहरे भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ ना हो सके।

# जिला पुलिस की साइबर सेल ग्रामीणों को कर रही जागरूक, आरक्षक प्रेम नारायण राठौर की उपस्थिति में हुआ जन जागरूकता पखवाड़ा

**सक्ती।** जिला पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में जिले की साइबर सेल के द्वारा पूरे जिले के सभी स्थानों पर निरंतर साइबर जन जागरुकता पखवाड़ा आयोजित कर ग्रामीणों को साइबर अपराध एवं विभिन्न प्रकार के साइबर संबंधी मामलों की जानकारी देते हुए जागरुक किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में जिला साइबर सेल के प्रधान आरक्षक प्रेम नारायण राठौर की उपस्थिति में शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत पोरथा, पासीद, टेमर तथा शक्ति जिले के छपोरा आमादरहा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण तथा नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान साइबर सेल के प्रधान आरक्षक प्रेम नारायण राठौर ने बताया कि वर्तमान में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा साइबर सेल के माध्यम से साइबर





अपराधों पर नियंत्रण करने तथा लोगों को साइबर संबंधी अपराधों से पूर्व जागरुक कर बचाव करने की दिशा में पहल की जा रही है, तथा वर्तमान में हम सभी अनजाने में साइबर अपराधों के शिकार हो जाते हैं, जिससे हमें नुकसान होता है तथा हमें इससे बचना होगा एवं आप सभी सतर्क रहें तथा किसी भी प्रकार की अनहोनी की घटना तत्काल साइबर सेल को दें जिससे संबंधित अपराधियों तक तत्काल पहुंचा जा सके।

# सरपंच प्रतिनिधि राकेश चंद्रा ने मां मईनका दाई एवं विभिन्न पंडालों में टेका मत्था

**जैजैपुर।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर पुरा भक्ति मय हो चला है और भक्तजन मां दुर्गा के अराधना में लीन है। जगह-जगह विराजित जगत जननी की पुजा आराधना कर मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित कर भक्ति में सराबोर है और चारों तरफ नवरात्रि धुम मची हुई है। ग्राम देवी के रूप में विराजमान ग्राम भोथिया में स्थिति मां मईनका दाई मे भी आस्था के सैकड़ों दीप प्रज्ज्वलित किए गए हैं, जहां प्रतिनिधि सैकडो संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर माता के दर्शन कर अपने आप को धन्य पा रहे हैं। ग्राम भोथिया के सरपंच प्रतिनिधि राकेश चंद्रा ने भी मां म ईनका दाई पहुंचकर उन्होंने सर्व प्रथम माता रानी पुजा अर्चना कर सभी के लिए मंगल कामना करते हुए आशीर्वाद प्रास कर महाभंडारा में शामिल होकर भक्तों



को प्रसाद वितरण किया ।इस अवसर पर उन्होंने समस्त ग्रामवासीयों एवं क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व हम सब के लिए खुशियां उत्साह एवं उमंग लेकर आती है।इस पर्व को सब उत्सव के रुप में मानते हैं। मां मईनका दाई के दरबार में मत्था टेक सभी ग्रामवासियों के लिए मंगल कामना कर सुख समृद्धि शांति कामना कर आशीर्वाद प्रास किया।

# जगराता कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे 20 लोगों की पिकअप गिरी मेन केनॉल में

## पूर्व विधायक खिलावन साहू भी पहुंचे मौके पर

**सक्ती।** जिला मुख्यालय शक्ति से लगे ग्राम मोहगांव में 9 अक्टूबर की रात्रि करीब 9:00 बजे ग्राम बैलाचूवा से जगराता कार्यक्रम में सलिहाभाटा जा रहे 20 लोगों से भरी एक पिकअप वाहन मेंन केनाल में गिर जाने से एक बड़ा हादसा टल गया,तथा उपरोक्त पिकअप वाहन का चालक नशे में बताया जा रहा है, एवं सभी लोग सालिहाभाटा के नवरात्रि पर्व पर चल रहे दुर्गा पंडाल के जगराता कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे ,एवं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिकअप के सामने एक मवेशी के आ जाने के कारण पिकअप अनियंत्रित होकर सीधे मेंन केनाल में गिर गई तथा घटना की सूचना पाकर शक्ति विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू अपने कार्यक्रमों को छोड़कर मौका स्थल पर पहुंचे तथा इस दौरान उपरोक्त घटना की सूचना पुलिस प्रशासन एवं शक्ति



जिले के कलेक्टर को दी गई, जिस पर तत्काल पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस वहां मौके पर पहुंची एवं पिकअप वाहन में सवार 18 लोगों को रेस्क्यू के बाद बाहर निकाल लिया गया, घटना की सूचना पाकर सैकड़ो की संख्या में लोग एकत्रित हो गए थे एवं अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू में भी काफी दिक्कतें हुई तथा पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू ने भी स्थानीय तथा जिला प्रशासन की मदद से उपरोक्त हादसे में लोगों को राहत पहुंचाने काफी सकारात्मक प्रयास किया।

# राज्य शासन द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना से जिले की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

**मुंगेली।** राज्य शासन द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना से जिले की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही हैं। इस योजना की राशि से महिलाएं न केवल अपने घर की छोटी-छोटी जरूरतें पूरी कर रही है, बल्कि पारम्परिक व्यवसाय को भी आगे बढ़ाने में उपयोग कर रही है। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम छतौना की विमला महतारी वंदन योजना से अपने पारम्परिक व्यवसाय को नई दिशा दी है। योजना के तहत मिलने वाली राशि से जरूरी सामाग्रियों का क्रय करके मिट्टी के दीये, घड़ा आदि बना रही है और इसे बाजार में विक्रय कर अच्छी-खासी आमदनी प्राप्त कर रही है। इससे घर की आर्थिक परिस्थिति में भी सुधार हो रहा है। विमला बताती है कि उनके परिवार में 03 बच्चे सहित कुल 05 सदस्य हैं। वे अपने पति के साथ पारम्परिक व्यवसाय से जुड़ी हुई है। पहले आर्थिक परिस्थिति ठीक नहीं होने के कारण व्यवसाय को आगे बढ़ाने में काफी मुश्किलों को सामना करना पड़



रहा था, लेकिन राज्य शासन द्वारा जब से महतारी वंदन योजना शुरू की गई है, तब से व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। इसके लिए विमला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। योजना के तहत विवाहित महिलाओं को 1,000 रुपए प्रतिमाह वित्तीय सहायता डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जा रही है। इससे महिलाओं में एक नया आत्मविश्वास जगा है और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ी है।

# कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही बरतने वाले राईस मिलरो पर की गई कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने राइस मिलो के सतत जॉच निर्देश दिए है। इसी क्रम में जिले के ग्राम तिलई स्थित राइसमिल मेसर्स मधु इंटरप्राइजेज एवं बैजनाथ फूडप्रोडक्ट (राइसमिल) ग्राम कसौन्धी की जॉच एसडीएम अकलतरा, खाद्य एवं मार्कफेड की संयुक्त टीम द्वारा की गई। खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि निरीक्षण के दौरान राइसमिल मेसर्स मधु इंटरप्राइजेज मौके पर बंद पाई गई। जिसके संचालक को मौके पर बुलाया कर ताला खोलकर मिल की जॉच की गई। खाद्य अधिकारी ने बताया कि मिलर की यह जवाब दारी होती है कि मिल को चालू हालत में बनाए रखने की शर्त पर मिल को कस्टम मिलिंग हेतु अनुबंधित किया गया था। परन्तु मिलर द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य में रूचि नहीं लेते हुए मिल परिसर बंद रखा गया था। राइस मिल में 726 बोरा कुल 290.40



क्वि धान कोई भी वैध दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं करने के कारण मौके पर जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि छ0 ग0 कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिकाओं का स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने पर प्रोपराइटर मधु अग्रवाल और संचालक राहुल अग्रवाल के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार बैजनाथ फूडप्रोडक्ट (राइसमिल) ग्राम कसौन्धी का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मिल संचालक वीरेन्द्र सिंह द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है। जांच में अनियमितता पाए जाने के कारण बैजनाथ फूडप्रोडक्ट (राइसमिल) ग्राम कसौन्धी में 60 क्विंटल धान की जप्ती की गई। कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही बरतने वाले मिलरो के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की 3/7 के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम अकलतरा विक्रांत अंचल, खाद्य अधिकारी कौशल साहू, जिला विपणन अधिकारी गजेन्द्र राठौर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्षता में लीगल एड क्लीनिक संबलपुर राजीव गांधी केन्द्र शुभारंभ किया गया

**मुंगेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (विधिक सहायता क्लीनिक) विनिमय, 2011 के विनिमय 3 और 5 के तहत् राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्षन में जिला न्यायाधीष/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के अध्यक्षता में लीगल एड क्लीनिक संबलपुर राजीव गांधी केन्द्र शुभारंभ किया गया। इसी प्रकार लीगल एड क्लीनिक पेण्ड्रीतालाब पंचायत भवन में 09.10.2024 को समय दोपहर 2.30 बजे कंचन लता आचला सचिव के द्वारा शुभारंभ किया गया। उक्त दोनों संचालित लीगल एड क्लीनिक माह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को खुले रहेगें जिसमें आम जनता को कानूनी से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान किये जाने हेतु लीगल एड क्लीनिक संबलपुर में संजीव कुमार घृतलहरे पैरालीगल वालिटियर तथा लीगल एड क्लीनिक



पेण्ड्रीतालाब में धर्मेन्द्र यादव पैरालीगल वालिटियर को नियुक्त किया गया है। उक्त क्लिनिक में जिला न्यायाधीष/ अध्यक्ष चद्राकुमार अजगल्ले व टीकम चंद्राकर चीफ सक्के के द्वारा गणमान्य को सम्बोधित करते हुए कानून से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया है, उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कंचन लता आचला, टीकम चंद्राकर चीफ सुरेष कुमार खुसरो डिप्टी, सक्के तथा प्रकाष साहू पैरालीगल वालिटियर के द्वारा कानून के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। तथा सम्बलपुर के ग्राम पंचायत के सचिव सुशील सिंह, सरपंच मुन्ना डाहिरे, उपसरपंच, पंच चंद्रप्रकाश, शिवकुमार साहू, पदम भूशण, कल्याणी सिंह परिहार, व उक्त कार्य कार्य में पेण्ड्रीतालाब के सरपंच मनहरण यादव व उप सरपंच तुका राम यादव तथा वरिश्ठ नागरिक चक्रधारी सिंह, तुलसी सिंह, रामप्रताप यादव, किशन जायसवाल, हेमलाल यादव एवं सम्बलपुर तथा पेण्ड्रीतालाब के अन्य गणमान्य भारी संख्या में उपस्थित होकर शुभारंभ को सफल बनाने में सहयोग दिया गया है। उक्त कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार खुसरो डिप्टी के द्वारा किया गया है।

# जल जीवन मिशन से ग्राम पाली में हर घर को मिल रहा शुद्ध पेयजल ग्रामवासियों ने शासन और प्रशासन का जताया आभार

**जांजगीर-चांपा।** जिले के नवागढ विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाली खेती के दृष्टिकोण से संपन्न गांव है। यहां का भू-जल स्त्रोत ठीक होने के बाद भी अधिकांश ग्रामीणों को पानी के लिए परंपरागत जल स्त्रोत कुआं-तालाब के अलावा मोहल्ले के हैण्डपम्प पर निर्भर रहना पड़ रहा था। ऐसे में महिलाओं को पानी के लिए घर से बाहर जाना पड़ता था। गांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल की आपूर्ति शुरू होने से ग्राम पाली में हर घर को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। श्री शिवनारायण त्रिपाठी प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर जल जीवन मिशन ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत 09 अप्रैल 2021 को इस योजना के तहत ग्राम के प्रत्येक परिवार






को कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से जल प्रदाय हेतु एकल ग्राम योजना का कार्यादेश जारी हुआ। गांव के सभी 680 घरों तक जल जीवन मिशन योजना के तहत् शुद्ध पेयजल जब पहुंचने लगा जिससे ग्राम में हर घर जल उत्सव का आयोजन भी किया गया। जल जीवन मिशन योजना के तहत् ग्राम में जलवाहिनी के रूप में अपना सक्रिय योगदान देने वाली शमीमा बेगम कहती है कि उनके गांव में पहले पानी के लिए बहुत घरों की महिलाओं को बाहर जाना पड़ता था किन्तु जब से जल जीवन मिशन आया है तो लोगों को उनके घर में ही शुद्ध पानी मिलने लगा है जिससे अब महिलाओं को पानी के लिए घर से बाहर नहीं जाना पड़ रहा है। छात्रा गायत्री पटेल बताती हैं कि उनके गांव में पहले पानी के लिए हैण्डपंप के सहारे रहना पड़ता था लेकिन शासन की जल जीवन मिशन योजना आ जाने से अब पानी की सुविधा हो गई है। इसके साथ ही श्रीमती ऊषा पटेल, श्रीमती लक्ष्मीबाई सोनी जल जीवन मिशन योजना से उनके जीवन में आए बदलाव को बताती हैं कि अब घर में ही पानी मिलने से उनका काफी समय बचता है। इस योजना से गांव के लोगों को अब शुद्ध पानी मिलने लगा है जिसका उनके स्वास्थ्य पर भी अच्छा प्रभाव पड़ रहा है। इसके लिए सभी ग्राम वासियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति अभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चार दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 14 अक्टूबर को

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** चार दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 14 अक्टूबर को हो रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश के पांचों संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर एवं सरगुजा से 505 खिलाड़ी एवं कोच शामिल होंगे। प्रतियोगिता में जिमनास्टिक में 14, 17 एवम 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवम बालिका, ताइक्वांडो में 14, 17 एवम 19 वर्ष आयु वर्ग की बालिका और क्रिकेट में 14 वर्ष के बालक शामिल हैं। जिमनास्टिक का आयोजन जिमनास्टिक हाल गुरुकुल गौरेला में, ताइक्वांडो का आयोजन जनपद सभा गृह पेंड्रा में और क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन फिजिकल कॉलेज मैदान पेंड्रा में होगा। खिलाड़ियों के ठहरने के लिए पांच स्थानों पर पुख्ता इंतजाम किया गया है। रायपुर एवं दुर्ग संभाग के बालकों के लिए अग्रसेन भवन पेंड्रा, बिलासपुर संभाग के बालकों के लिए पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास पेंड्रा, बस्तर एवं सरगुजा संभाग के बालकों के लिए प्री मैट्रिक बालक छात्रावास पेंड्रा, रायपुर एवं दुर्ग संभाग के बालिकाओं के लिए जैन धर्मशाला पेंड्रा और बिलासपुर, बस्तर एवं सरगुजा संभाग के बालिकाओं के लिए फिजिकल कॉलेज पेंड्रा में ठहरने की व्यवस्था किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 14 अक्टूबर सोमवार को सवेरे 9.30 बजे गुरुकुल खेल मैदान गौरेला से होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची होंगे। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने खेलों का आयोजन व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने, खेल मैदानों एवं खिलाड़ियों के ठहरने के स्थानो पर समुचित व्यवस्था के लिए सभी व्यायाम शिक्षकों, खंड शिक्षा अधिकारियों एवम विभिन्न विभागों की ड्यूटी लगाई गई है।

### सजग कोरबा : थानों में बीट सिस्टम को प्रभावी रूप से लागू करते हुए कुल 524 जगह के दीवारों पर बीट अधिकारी एवं कर्मचारियों का नाम लिखा गया

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा (भापुसे) के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा के निर्देशन में 'सजग कोरबा' अभियान में सभी थाना चैकी अपने-अपने क्षेत्र के दीवारों पर बीट अधिकारी का नाम एवं मोबाइल नंबर की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। कोरबा पुलिस के द्वारा सजग कोरबा अभियान के तहत थाना चैकी अपने-अपने क्षेत्र दीवारों पर सजग कोरबा अभियान के तहत जिले के थानों में बीट सिस्टम को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत के भवनों में थाना प्रभारी एवं बीट प्रभारी तथा बीट आक्षक के मोबाइल नंबर को वॉल पेंटिंग कर लिखवाया जा रहा है और आपातकालीन डायल नंबर 112 को भी दीवारों पर लिखा जा रहा है जिससे ग्रामीणों को उनके क्षेत्र में होने वाले घटना एवं सूचना को तुरंत उनके क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारियों को उसे संबंध में सूचित कर सके। कोरबा पुलिस के द्वारा कुल 524 जगह पर अभी तक वॉल पेंटिंग के माध्यम से दीवारों पर थाना प्रभारी एवं बीट अधिकारी के साथ आरक्षक का नाम एवं मोबाइल नंबर को लिखा गया है ।जिससे आसूचना संकलन में मदद मिल रही है।

### विश्व आर्थराइटिस दिवस कल: चिकित्सा परामर्श एवं नि:शुल्क उपचार शिविर का आयोजन

**कोरबा।** विश्व आर्थराइटिस दिवस पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत सभी 80 प्रकार के वात रोगों हेतु नि:शुल्क अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच, रक्त शर्करा जांच एवं आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, विश्व हिंदू परीषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में श्री शिव औषधालय एमआईजी 20 आर.पी.नगर फेस 2 शिवाजी नगर रोड निहारिका कोरबा छत्तीसगढ़ में 12 अक्टूबर 2024 शनिवार को प्रातरू 10 बजे से 2 बजे तक किया गया है। जिसमें अंचल के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ श्री शिव औषधालय के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा चिकित्सक द्वय नाड़ीवैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा एवं नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने शिविर के विषय में बताते हुये कहा की प्रत्येक वर्ष 12 अक्टूबर को वर्ल्ड आर्थराइटिस डे मनाया जाता हैं जिसका उद्देश्य लोगो को वात रोगों (आर्थराइटिस) के प्रति जागरूक करना है ताकि इस बीमारी से बचा जा सके। इसी तारतम्य में आयुष मेडिकल एसोसिएशन, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयुर्वेद में वर्णित समस्त 80 प्रकार के वात रोगों के लिये निशुल्क अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच, रक्त शर्करा जांच एवं आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वात रोग का एक बड़ा कारण अस्थि खनिज घनत्व तथा कैल्शियम की कमी होना भी है। जिसके लिये शिविर में बीएमडी मशीन द्वारा अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) की 2200 रुपये मूल्य की जांच कोलकाता के टैक्नीशियन द्वारा निशुल्क की जायेगी।

## जिले में नौकरी दिलाने के नाम पर हुई तीन लाख रुपए की ठगी

# पीड़ित ने आरोपी विजय साहू के द्वारा 3,00,000/- रूपये (तीन लाख रूपये) धोखाधडी करने की थाने में दर्ज कराई शिकायत..

**पेंड्रा।** जिले में धोखाधड़ी करने का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है एक बार फिर से नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी की गई है। जिसमे पीड़ित ने आरोपी विजय साहू के द्वारा 3,00,000/- रूपये ( तीन लाख रूपये) लेकर धोखाधडी करने की शिकायत थाने में दर्ज कराई है ।। जहां अपराध कारित होने का साक्ष्य पाये जाने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अन्वेषण किये जाने का आदेश प्राप्त होने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जिसकी जांच पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मरवाही के द्वारा किया गया है। दरअसल पूरा मामला जिले के मरवाही थानाक्षेत्र के लोहरी गांव का है जहां पर रहने वाले परसू राम केवट पिता स्वा.दददू लाल ने लिखित शिकायत मरवाही थाने में दर्ज कराई जिसमें कहा गया कि मेरा आना जाना ग्राम लोहारी के पूर्व सरपंच रोहित परस्ते के घर था वहीं उसकी मुलाकात विजय साहू नया रायपुर के साथ हुआ उसके द्वारा कहा कि कोई तुम्हारा लडका पढ़ा लिखा है तो पीड़ित ने बतलाया कि उसका बेटा उत्तम केवट पढा लिखा है तब उसने कहा की मैं मंत्रालय रायपुर में अधिकारी हूं और वही ड्यूटी करता हूं तुम्हारे लडके को वन विभाग में बाबू के पोस्ट पर नौकरी लगावा दूंगा 300000 तीन लाख रूपये लगेगा तब मै पैसा व्यवस्था कर तीन गवाहों के समक्ष एक किस्त 150000 एक लाख पचास हजार रूपयें और दूसरा किस्त 100000 एक लाख रूपये रोहित परस्ते के घर में इन गवाहों के समक्ष विजय साहू के हाथ में दिया । फिर कुछ दिन बाद विजय साहू द्वारा




मेरे पुत्र उत्तम केवट को फोन किया गया की 18.08.2020 को मैं सिवनी मरवाही में आ रहा हूं और मुझे आप सिवनी आकर 50000 पच्चास हजार रूपये दे देना तब मैं तुम्हें नियुक्ति पत्र दिखाउगां तब मेरा पुत्र 50000 पच्चास हजार सिवनी में देकर विजय साहू के मोबाईल पर नियुक्ति पत्र देखा और विजय साहू के द्वारा विश्वास के तौर पर मेरे पुत्र उत्तम केवट को 40000 चालीस हजार रूपये का चेक दिया जिसका एकांउट नबरं **** और चेक क्रमांक 019317 चेक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बिलासपुर का था। लेकिन तीन वर्षों पश्चात भी मेरे लड़के का ना नौकरी लगा है और पैसा मांगने पर टाल मटोल करता है ।जिसके बाद पीड़ित को खुद के ठगे जाने का अहसास हुआ और वो मरवाही थाने पहचकर नवा रायपुर निवासी विजय साहू के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने जांच उपरांत 420 का अपराध दर्ज किया है

**दीपक मिश्रा**
**एसडीओपी मरवाही**

वही मरवाही एसडीओपी दीपक मिश्रा से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि मामला पुराना है। वही उसमें तस्तीस की जा रही थी। जिस पर मामला पुष्टि होने के बाद आरोपी के खिलाफ एफआई आर दर्ज कर ली गई है। वहीं मामले में आगे की कार्यवाही की जा रही है।।

## चार दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन 14अक्टूबर को

- विधायक श्री प्रणव कुमार मरपची उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** ( जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 14 से 17 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ 14 अक्टूबर सोमवार को सवेरे 9.30 बजे गुरुकुल खेल मैदान गौरेला से होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मरवाही विधायक श्री प्रणव कुमार मरपची होंगे। समारोह की अध्यक्षता कोटा विधायक श्री अटल श्रीवास्तव करेंगे। समारोह में विशिष्ठ अतिथि एवम अतिथि के रुप में श्री अरुण सिंह चौहान अध्यक्ष जिला पंचाय बिलासपुर, श्रीमती हेमकुंवर अजीत श्याम उपाध्यक्ष जिला पंचायत बिलासपुर, सुश्री ममता




पैकरा अध्यक्ष जनपद पंचायत गौरेला, श्रीमती आशा बबलू मराबी अध्यक्ष जनपद पंचायत पेंड्रा, श्री प्रताप सिंह मरावी अध्यक्ष जनपद पंचायत मरवाही, श्री राकेश जालान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पेंड्रा, श्रीमती गंगोत्री राठौर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गौरेला एवम श्री नीरज जैन जिला मुख्य आयुक्त स्काउट गाईड शामिल होंगे।

## अधर्म पर धर्म की जीत की तरह डिजिटल वर्ल्ड में सतर्कता से ठगी पर जीत हासिल करने का जीपीएम पुलिस का संदेश

- प्रतिदिन जारी किए जा रहे हैं साइबर फ्रॉड और उससे बचाव पर पोस्टर जो हजारों लोगों तक बीट पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुप और फेसबुक के माध्यम से हो रहे प्रसारित

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** साइबर जागरूकता पखवाड़ा के सातवें दिन जीपीएम एसपी भावना गुप्ता के निर्देश पर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल ने मोर्चा संभालते हुए गौरेला पेंड्रा के प्रमुख दुर्गा समितियों के पंडालों में जाकर साइबर जागरूकता पखवाड़े के बारे में बताया और साइबर फ्रॉड केस में डायल 1930 की उपयोगिता के बारे में प्रचार किया। इसी तरह डीएसपी दीपक मिश्रा ने भी बरैहा चौक मरवाही में दुर्गा पूजा उत्सव स्थल पर नवदुर्गा की जय के जयकारों के साथ सभी उपस्थित जन को जागरूक करने का प्रयास किया। जीपीएम पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता पखवाड़ा के प्रथम




दिन से प्रतिदिन साइबर जागरूकता संबंधी पोस्टर जारी किए जा रहे हैं और डायल 1930 तथा नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल का प्रचार किया जा रहा है। थानों में पुलिस बीट अधिकारियों द्वारा अपने बीच क्षेत्र के ग्रामों के सक्रिय लोगों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर प्रतिदिन हजारों लोगों तक पोस्टर्स पहुंचाया जा रहा है। इसी तरह तक्करूक्कश्चद्यद्वष्द के फेसबुक पेज पर भी प्रतिदिन पोस्ट के जरिए जागरूकता फैलाई जा रही है।

## त्योहारी सीजन:फूड सेफ्टी विभाग द्वारा खाद्य सामानों की सैंपलिंग व कार्रवाई

**कोरबा।** त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ कई प्रकार के खतरे व्यवसाइयों के लिए पैदा हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा डरा हुआ कोई है तो वह है- खाने पदार्थ की बिक्री करने वाला वर्ग। वजह है कि इस सीजन में मिलावट की आशंका को लेकर फूड सेफ्टी विभाग सामानों की सैंपलिंग करने के साथ कार्रवाई भी कर रहा है। इसलिए कारोबारी समय के साथ सतर्क हो गए हैं। वह नहीं चाहते कि ऐसा कुछ हो जिससे नाम भी खराब हो और रुपया भी जाए।

हाल में ही फूड सेफ्टी विभाग की पिछली सैंपलिंग के दौरान हुई लैबोरेट्री इंक्वारी में जिओमार्ट के ऑर्गेनिक बेसन के अलावा कई मिठाई दुकानों के सैंपल फेल हुए हैं। विभाग ने नियमानुसार ऐसे सभी मामलों में अगली कार्रवाई करने की बात कही है। विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिस तरह के दावे संबंधित सामानों की गुणवत्ता को लेकर किए गए थे वह सब उनके स्टैंडर्ड में नहीं मिला। इसलिए यह सभी मामले कार्यवाही के दायरे में शामिल हुए हैं। विभाग में नवरात्रि से लेकर दीपावली और देवउठनी एकादशी तक कस्बों में खाद्य पदार्थ के सैंपल लेने और उन्हें जांच के लिए आगे भेजने को लेकर अभियान जारी रखने की बात कही है। बताया गया कि इनमें मिठाई से संबंधित खोवा, मावा, पनीर, आटा, मैदा, बेसन, तेल, डालडा, घी के अलावा नमकीन चीजों को कैटिगराईज किया गया है। दावे इस प्रकार के हैं ।

## विजयदशमी के उपलक्ष्य पर रक्षित केंद्र पेंड्रा में एसपी भावना गुप्ता ने पुलिसकर्मियों संग पारंपरिक तरीके से की शस्त्र पूजा

- जिले के समस्त नागरिकों के जीवन में सुख शांति की कामना करते हुए किया गया पूजन हवन

**बिलासपुर।** असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी के उपलक्ष्य पर जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के रक्षित केंद्र में एसपी आईपीएस भावना गुप्ता द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक तरीके से पूजन हवन करते हुए एसपी भावना गुप्ता ने क्षेत्र की जनता के लिए सुख और शांति की मंगल कामना करते हुए हवन किया और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयदशमी पर्व की जिला जीपीएम के सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी तथा जिले की सभी नारीशक्तियों को मां नवदुर्गा से ऊर्जा लेकर अपने हर कार्य, हर प्रयास में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की कामना की। पूजन हवन के बाद विभागीय परंपरा के तौर पर एक



आवाजी कारतूस भरकर शस्त्र फायर किया गया। सबसे पहले एसपी भावना ने सांकेतिक फायर किया फिर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, डीएसपी निकिता तिवारी और डीएसपी दीपक मिश्रा ने भी सांकेतिक फायर कर शस्त्रों को प्रणाम किया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक भूपेंद्र कुर्रे, शस्त्रागार प्रभारी स्टोर प्रभारी समेत समस्त लाइन स्टाफ उपस्थित रहे। जिले के पेंड्रा थाने में निरीक्षक नवीन बोरकर, गौरेला थाने में निरीक्षक सनीप, मरवाही थाने में उप निरीक्षक गंगा प्रसाद बंजारे और कोटमी चौकी में एएसआई अरविंद मिश्रा द्वारा भी पारंपरिक तरीके से शस्त्र पूजन किया गया।

# आदिवासी विभाग द्वारा संचालित रहवासी छात्रावासों में अनुपस्थित बच्चों की फर्जी हाजिरी भरकर भोजन की राशि डकारने का खुलासा हुआ है.....

- 6 छात्रावासों के निरीक्षण में कलेक्टर को मिले कम बच्चे...,एक छात्रावास में कोई नहीं मिले
- सभी अधीक्षकों को जारी हुआ कारण बताओ नोटिस
- अप्रैल माह के फर्जी हाजिरी की राशि के बंदरबांट का ऑडियो वीडियो हुआ था वायरल

पेंड्रा। आदिवासी विकास विभाग में में अनिमितता और भ्रष्टाचार का खुलासा एक बार और हुआ है जिसमे बीते दिनों जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने जिले में संचालित आदिवासी छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कई अव्यव्यवस्था सामने आए। निरीक्षण के दौरान मरवाही विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के बालक और बालिका छात्रावासों में बड़ी संख्या में बच्चे अनुपस्थित पाए गए थे। हद तो तब हो गई जब कलेक्टर के निरीक्षण में प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास सिवनी में बच्चे सहित छात्रावास अधीक्षक भी गायब थे। इतनी बड़ी लापरवाही और खाने का बिल पूरे हाजिरी के साथ निरंतर आहरित करने का भी खुलासा हुआ है। छात्रावासों में बहुत बड़े पैमाने पर फर्जी हाजिरी घोटाले की ओर इशारा करते हैं, जिस फर्जीवाड़े में छात्रावासों के नियंत्रकों की भूमिका को भी नकारा नहीं जा सकता। यदि छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए तो अधिकतर छात्रावासों में अनुपस्थित बच्चों के फर्जी हाजिरी भरने का गोरख धंधा सामने आएगा। इस सम्बन्ध में अप्रैल माह के फर्जी हाजिरी भरने और उसकी राशि के बंदरबांट




का ऑडियो वीडियो भी वायरल हो चुका है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इन छात्रावासों का किया था निरीक्षण।।

कलेक्टर ने मरवाही ब्लाक के पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक और बालिका छात्रावास मरवाही, प्री मैट्रिक आदिवासी बालक और कन्या छात्रावास सिवनी, कमला नेहरू प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास निमधा और प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास निमधा का निरीक्षण किया था।

### दशहरा छुट्टी का बहाना बनाए थे अधीक्षक

वहीं विगत दिनों निरीक्षण के दौरान बच्चों को अनुपस्थित देखकर कलेक्टर ने जब अधीक्षकों से बच्चों की अनुपस्थिति का कारण पूछा, तो उन्होंने बताया था कि दशहरा अवकाश में बच्चे घर चले गए हैं, जबकि दशहरा अवकाश 7 अक्टूबर से शुरू होना था। कलेक्टर ने इस मामले को गंभीर लापरवाही मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के तहत कार्रवाई करने का निर्णय लिया है और 6 अधीक्षकों को बच्चों की अनुपस्थिति को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसका उत्तर उन्हें 3 दिनों के भीतर कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर देना है।

# नहर में कूदी किशोरी चार दिन बाद मिली मृत स्थिति में....

**कोरबा।** काफी समय से परेशान चल रही एक किशोरी ने समस्या से छुटकारा पाने के लिए बायीं तट नहर में छलांग लगा दी थी। 4 दिन बाद वह मृत स्थिति में मिली हैं। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। परिजनों से पूछताछ के बाद इस मामले में अगली कार्रवाई की जाएगी। मृतका की पहचान 15 वर्षीय एकता मरावी के रूप में की गई है जो कोरबा के मानिकपुर चैकी अंतर्गत वाल्मिकी अंबेडकर नगर की रहने वाली थी। बुधवार को शाम वह पावर हाउस रोड से स्टेशन जाने वाले मार्ग पर हसदेव लेफ्ट बैंक कैनाल मैं कूद गई थी। यह सब एकाएक हुआ था। घटनाक्रम के दौरान किशोरी को ऐसा करते पॉइंट ड्यूटी पर मौजूद एक ट्रैफिक कांस्टेबल ने देख लिया था। जिस पर उसने किशोरी को बचाने के लिए फौरन नहर में छलांग लगा दी। लेकिन नहर के तेज बहाव में किशोरी को उस समय नहीं खोजा जा सका। जानकारी सार्वजनिक होने पर आसपास के गोताखोरों को भी सक्रिय किया गया था कि किशोरी को बचाया जा सके लेकिन इसके कोई नतीजे नहीं आ सके। लेकिन जांच का काम लगातार चल रहा था। चार दिन बीतने पर एकता के बारे में जानकारी मिली लेकिन यह नकारात्मक रही।

स्वात्वाधिकारी श्रीमती योगिता साहू के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक तरुण कुमार साहू द्वारा एमबीएम प्रिंटर्स, महामाया रेजिडेंशियल शिव मंदिर कोनी बिलासपुर से मुद्रित कर महामाया रेजिडेंशियल शिव मंदिर कोनी बिलासपुर छत्तीसगढ़ पिन कोड 495009 से प्रकाशित । संपादक तरुण कुमार साहू (पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) आरएनआई नं.-CHHHIN/2009/34957 फोन: 07752-223678 dainiktarunpath@gmail.com- tarunpath@ymail.com